हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 दिसंबर 2024



# 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 10 जनवरी से, दूसरी बार नहीं मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं व 12वीं क्लास के लिए लिखित परीक्षा का समय सारिणी जारी कर दी है, इससे पहले प्रैक्टिकल परीक्षाओं की तारीख जारी की गई थी। मुख्य परीक्षा मार्च में होगी। जबकि प्रैक्टिकल परीक्षाएं जनवरी महीने में शुरू होगी। खास बात है कि प्रैक्टिकल परीक्षा में बाह्य परीक्षक की नियुक्ति स्कूल नहीं, बल्कि माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) करेगी। परीक्षक प्रैक्टिकल के साथ संबंधित कई और चीजों को देखेंगे।

इसके साथ ही स्कूलों को प्रैक्टिकल परीक्षा, प्रोजेक्ट वर्क के नंबर 10 फरवरी 2025 तक बोर्ड के पोर्टल पर सबमिट करने होंगे। माशिमं की ओर से कहा गया है कि 10 से 31 जनवरी के बीच स्कूलों को यह आयोजित करना होगा। खास बात है कि प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए बोर्ड की ओर से इस साल नई उत्तर पुस्तिकाएं नहीं दी जाएगी। पिछले साल की बची हुई उत्तर पुस्तिकाओं का ही उपयोग किया जाएगा। कमी होने पर स्थानीय स्तर पर व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है। छत्तीसगढ़ बोर्ड से कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए टाइम टेबल ऑफिशियल वेबसाइट cgbse.nic.in पर जारी किया गया है। बोर्ड की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन दो शिफ्ट में कराया जाएगा। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 8 से 11 बजे तक एवं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक संपन्न होगी।

## सभी स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षाओं को लेकर भी तैयारी शुरू

### होगी दो बार बोर्ड परीक्षाएं

छत्तीसगढ़ बोर्ड की ओर से थ्योरी एग्जाम के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से नए शैक्षिक सत्र से नया कानून लागू किया गया है। इसके तहत अब छत्तीसगढ़ बोर्ड एक साल में दो बार बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन करेगा। पहली परीक्षाएं मार्च माह में, वहीं दूसरे चरण की परीक्षाएं जून-जुलाई माह में आयोजित की जाएगी। ऐसा करने वाला वह देश का पहला बोर्ड बन गया है।



### बाह्य परीक्षक की उपस्थिति में परीक्षा

प्रैक्टिकल परीक्षा बाह्य परीक्षक की उपस्थिति में आयोजित होगी। यदि किसी कारणवश बाह्य परीक्षक परीक्षा लेने में असमर्थता व्यक्त करता है, तो उसके कारण सहित लिखित में अभ्यावेदन देना होगा और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए तत्काल जिले की समन्वय संस्था से संपर्क करना होगा। इसके बाद आंतरिक परीक्षक की नियुक्ति स्कूल स्तर पर की जाएगी। इसके साथ ही अध्यापन करा रहे विषय शिक्षकों को ही आंतरिक परीक्षक बनाया जाएगा। प्रायोजना कार्य के लिए मंडल द्वारा बाह्य परीक्षक नियुक्त नहीं किए जाएंगे।

**अनुपस्थित पर दोबारा परीक्षा नहीं :** इसके साथ ही साफतौर पर कहा गया है कि प्रैक्टिकल परीक्षा में गैरहाजिर रहने वाले छात्रों को दोबारा परीक्षा के लिए विशेष अनुमति नहीं दी जाएगी। स्कूल प्रबंधन को भी निर्देशित किया गया है कि वे सभी विद्यार्थी को प्रैक्टिकल परीक्षा में सम्मिलित कराएं। नोटिफिकेशन में दी गई डिटेल के मुताबिक प्रायोगिक परीक्षा/प्रयोजना कार्य में अनुपस्थित छात्रों को किसी भी दशा में विशेष अनुमति नहीं दी जाएगी, न ही दोबारा प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। ऐसी स्थिति में छात्रों को बोर्ड एग्जाम रिजल्ट में अनुपस्थित ही दर्शाया जाएगा।

## पांच प्लेसमेंट एजेंसी को जारी की गई नोटिस, टेंडर निरस्त करने की चेतावनी

# हड़ताल में पांच सौ प्लेसमेंट कर्मचारी निगम ने एजेंसी को जारी की नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले नगर निगम में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने आज से अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत कर दी है। अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर हैं। जिससे नगर निगम में कामकाज प्रभावित हो गया है।

लाईट सुधार, नगरीय निकायों से ठेका प्रथा समाप्त कर निकाय में कर्मचारियों का समायोजन करते शासन के अन्य विभागों की तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान करने, केन्द्रीय मजदूरी दर पर वेतन वृद्धि करने और हड़ताल अवधि में किसी भी प्लेसमेंट कर्मचारी को कार्य से पृथक नहीं किए जाने की तीन सूत्रीय मांग को लेकर नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। नगर निगम में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने शहर के इमाम चौक के समीप अपने आंदोलन की शुरूआत की है और यहां अनिश्चितकालीन हड़ताल करते उन्होंने सरकार से अपनी मांगे पूरी करने के लिए आवाज बुलंद कर नारेबाजी की।

“नगर निगम में प्लेसमेंट एजेंसियो के जरिए जल, विद्युत जैसे विभागों में पदस्थ करीबन पांच सौ कर्मचारी वेतन नहीं मिलने के कारण हड़ताल पर चले गए है। इन कर्मचारियो की हड़ताल की वजह से निगम का काम-काज भी प्रभावित हो गया है। इधर निगम ने हड़ताल के खिलाफ एक्शन लेते हुए पांचों प्लेसमेंट एजेंसियो को नोटिस जारी कर दिया है। निगम ने नोटिस में कहा है कि यदि एजेंसी संचालन करने में असमर्थ है तो टेंडर निरस्त कर दोबारा प्रक्रिया की जाएगी।




### आंदोलन की भी चेतावनी

छत्तीसगढ़ नगरी निकाय कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष अजय मेश्राम ने कहा कि कई वर्षों से अपनी इन मांगों को लेकर कर्मचारी सरकार से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की गई है। जिसके चलते उन्हें अनिश्चितकालीन हड़ताल करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लेने के कारण महासंघ द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि समस्त नगरीय निकायों के समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

### महीनों से वेतन बकाया

अपने आंदोलन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि ठेका प्रथा होने के चलते उन्हें 5-6 माह से पेमेंट नहीं मिला है। वहीं कर्मचारियों को महज 6 से 10 हजार रुपए ही मिलता है। जिससे घर खर्च चलाना मुश्किल है। उन्होंने शासन से शीघ्र अपनी मांगों को पूरी करने को लेकर गुहार लगाई है।

**निगम में कामकाज हुआ प्रभावित :** नगर निगम में लगभग 500 प्लेसमेंट कर्मचारी हैं। इन सबके हड़ताल में चले जाने के चलते सफाई, जल, विद्युत, कार्यालयीन कार्य और लोक सेवा कार्य प्रभावित हो गया है।

### आयुक्त ने दिया एजेंसियों को 24 घंटे का समय

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आवश्यक सेवा बाधित होने पर प्लेसमेंट एजेंसी जय अम्बे महिला स्व सहायता समूह, वैभव कोचर, बाम्बे सफाई कामगार समिति, सी.जी. सिक्युरिटी, सरस्वति महिला स्व सहायता समूह राजनांदगांव एवं पंक्ति इंटर प्राईजेजस जगदलपुर को नोटिस देकर कहा कि निगम सीमाक्षेत्र में नागरिकों को मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई तथा निर्माण व अन्य कार्य के लिये प्लेसमेंट के माध्यम से कर्मचारी रखने प्रक्रिया कर आपके ऐजेन्सी को कार्य सौपा गया है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आपके ऐजेन्सी के प्लेमेंट कर्मचारी आज सामुहिक रूप से अपने कार्य में अनुपस्थित पाये गये जिससे बिजली,पानी सफाई जैसी महत्वपूर्ण सेवा प्रभावित हुई। इस संबंध में आपके द्वारा किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी गयी, जो अनुबंध की शर्ते का उल्लंघन है।

उन्होंने कहा कि अनुबंध के अनुसार श्रमिकों को अनुशासन में कार्य करना व किसी कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासन हीनता का संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा शिकायत या सूचित करने पर उसे 24 घंटे के अंदर हटाकर अन्य कर्मचारी नियुक्त करना होता है। आयुक्त ने नोटिस में कहा कि आपके ऐजेन्सी के प्लेसमेंट कर्मचारी के अनुपस्थित रहने पर अति आवश्यक सेवा प्रभावित हुई, जिसके लिये आपको सूचित कर नोटिस दिया जा रहा है, कि अनुबंध में उल्लेखित शर्तो के अनुसार अनुपस्थित प्लेसमेंट कर्मचारियों के स्थान पर अन्य कर्मचारी तत्काल उपलब्ध कराया जा कर समक्ष में पालन प्रतिवेदन 24 घंटे के अंदर प्रस्तुत करे। अन्यथा की स्थिति में अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

# टेंडर जारी होने के बाद सालभर से वर्क आर्डर का इंतजार, ग्रामीण आक्रोशित

## वर्क आर्डर जारी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के मरकाकसा से जोब तक जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

लगभग एक करोड़ 10 लाख 40 हजार रुपए की लागत से प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद भी टेंडर प्रक्रिया पश्चात वर्क आर्डर के लिए प्रतीक्षारत मरकाकसा-जोब की जर्जर सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीण फरियाद कर रहे हैं, लेकिन इस सड़क निर्माण का वर्क आर्डर जारी नहीं किया जा रहा है, जिसे देखते यहां की पूर्व विधायक छन्नी साहू ने आज ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य शुरू किए जाने की मांग की है।

**एक माह बाद आंदोलन की चेतावनी**

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की इस सड़क निर्माण को लेकर कांग्रेस शासनकाल में प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी। जिसका टेंडर हो गया था, लेकिन इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में टेंडर होने के बाद आचार संहिता लग गई थी और इसके बाद प्रदेश में सरकार बदल गई। वर्क आर्डर जारी करना वर्तमान सरकार का कर्तव्य था। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते कहा कि वर्तमान सरकार वनांचल क्षेत्र में सुविधा नहीं देना चाह रही है। यदि एक महीने के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो क्षेत्र के लोगों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

पूर्व विधायक के साथ ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट



### महत्वपूर्ण सड़क से आवागमन दूभर

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि लगभग सवा किलोमीटर की यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है। इस सड़क में आईटीबीपी कैंप, उप स्वास्थ्य केंद्र, हाईस्कूल भी है। बारिश के दिनों में यहां से आवागमन करना काफी दूभर हो जाता है।

### स्वीकृति के बाद भी निर्माण नहीं

अपने ज्ञापन के माध्यम से पूर्व विधायक ने बताया कि मरकाकसा से जोब तक लगभग 1.25 किमी सड़क निर्माण जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग नवा रायपुर द्वारा निविदा जारी किया जा चुका है। उक्त निर्माण हेतु एक करोड़ दस लाख चालीस हजार स्वीकृत हो चुका है।

### सड़क के परीक्षण का निर्देश

इस मामले में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि पूर्व विधायक और ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि मरकाकसा से जोब की सड़क काफी जर्जर है। इसके निर्माण के लिए टेंडर हो गया था, लेकिन कार्य शुरू नहीं हुआ है। कलेक्टर ने कहा कि पीडब्ल्यूडी के ई को सड़क का परीक्षण करने कहा गया है। आवश्यक होने पर निर्माण कार्य किया जाएगा।

# रैली निकालकर आईना भेंट करने पहुंचे युवा कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशा और अपराध के बढ़ते मामलों के बीच शराब, जुआ, सट्टा के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते युवा कांग्रेस द्वारा शहर में रैली निकाली गई। इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आईना भेंट करने पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस द्वारा एक युद्ध नशे और अपराध के विरुद्ध एवं नौकरी दो नशा नहीं अभियान चलाया जा रहा। इसी अभियान के तहत आज युवा कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया।

⏩ शेष पेज 12 पर

### सात दिनों में आंदोलन की चेतावनी

अपने प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुरभेज माखीजा और प्रदेश महामंत्री मानव देशमुख ने कहा कि शहर में नशा और अपराध काफी बढ़ गया है। एक वर्ष में भाजपा सरकार आते ही स्थिति बदतर हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के माध्यम से पुलिस को आईना दिखाकर सचेत किया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि सात दिन के भीतर अगर शराब कोचियों, गांजा, जुआ, सट्टा पर कार्रवाई नहीं की गई तो युवा कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### रैली के साथ पहुंचे एसपी कार्यालय

बढ़ते अपराध और नशे के मामलों को लेकर युवक कांग्रेसी शहर के नए बस स्टैंड परिसर के समीप एकत्रित हुए और यहां से रैली निकालकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

### पुलिस कर रही कार्रवाई

युवा कांग्रेस द्वारा ज्ञापन दिया गया है। पुलिस अवैध शराब, गांजा, सट्टे पर लगातार कार्रवाई कर रही है। सभी बड़े शराब कोचियों पर कार्रवाई की गई है। - **राहुल देव शर्मा,** एएसपी

# नकली पेन-ड्राइव खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नकली पेन ड्राइव खपाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 957 नग नकली पेन ड्राइव बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी शिवकुमार वैष्णव 72 वर्ष संजय नगर लखोली ने 7 दिसंबर को कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि करीबन 10.40 बजे उसके श्रीराम हार्डवेयर दुकान लखोली में एक व्यक्ति आया और अपना नाम सतेन्द्र सोलंकी बताकर अपना आधार कार्ड दिखाकर बोला कि मुझे आपके दुकान के सामने एक सप्ताह स्टॉल लगाकर कंपनी के तरफ से पेन ड्राइव का डेमो दिखाना है। जिसका किराया 4500 रुपए एवं 5 प्रतिशत आपको प्राफिट दूंगा। उसी समय एक व्यक्ति जो उसी का आदमी था, वह प्रार्थी के दुकान में फेवीक्वीक खरीदने आया, जो सतेन्द्र सोलंकी द्वारा दिखा रहे पेन ड्राइव को देखकर मुझे भी अपने दुकान के लिए 10 नग पेन ड्राइव खरीदना कहते हुए पेन ड्राइव का रेट पूछा, तो एक पेन ड्राइव का रेट 1400 रुपए बताया। जिससे वह व्यक्ति सहमत होकर सतेन्द्र सोलंकी को 1000 रुपए एडवॉस देकर बाकी राशि एक घंटे में लाकर देता हूं, कहकर चला गया और अपना नाम मनीष पाराशर बताया। सतेन्द्र सोलकी उसके आने तक मैं नहीं रूक पाउंगा, आगे और काम है, मेरा पेन ड्राइव रखकर 11,000 रुपए दे दो, जब वह आएगा तो प्रति पेन ड्राइव 200 रुपए अपना कमीशन रखकर पेन ड्राइव दे देना बोला, तब प्रार्थी शिवकुमार वैष्णव 11,000 रुपए आरोपी सतेन्द्र सोलंकी को दिया और किंगस्टोन कंपनी का 126 जीबी का 10 नग पेन ड्राइव को रख लिया। सतेन्द्र सोलंकी बोला कि यदि वह व्यक्ति नहीं आता है, तो मुझे पेन ड्राइव वापस लौटा देना और आपका 11,000 रुपए वापस ले लेना कहकर चला गया। पेन ड्राइव को खोलकर देखा तो पेन ड्राइव प्लास्टिक का खाली खोखा था, उसके अंदर चीप नहीं था, तब उसे ठगी होने का एहसास हुआ। रिपोर्ट पर कोतवाली में धारा 318 (4), 61 (2) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### ठगी का नया तरीका



बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 दिसंबर के करीबन साढे 11 बजे एक व्यक्ति दुकान में आया जिसने अपना नाम मनोज गुप्ता बताया और आपके दुकान के सामने एक सप्ताह के लिए सेमसंग कंपनी का मोबाइल संबंधी सामान बेचने का स्टॉल लगाना है। जिसके लिए 7000 रुपए किराया एवं सामान विक्रय का 15 प्रतिशत कमीशन दूंगा बोला। प्रार्थी को 20 नग पेन ड्राइव दिखाकर प्रत्येक की कीमत 1500 रुपए है, 20 नग लेने पर 1200 रुपए पड़ जाएगा बोल रहा था, तभी एक अन्य व्यक्ति वहां आया, जो 500 रुपए का चिल्हर मांगा। जिसने पेन ड्राइव देखकर तत्काल 20 नग पेन ड्राइव लेने के लिए तैयार हो गया तथा कोई उसका इंतजार कर रहा है, बोलकर प्रार्थी से 20 नग पेन ड्राइव का पैसा 24000 रुपए लेकर प्रार्थी को 4000 रुपए का मुनाफा होगा, कहकर चला गया। दूसरा व्यक्ति लेने के लिए तैयार था, जिसे 1400 रुपए में बिक्री करना था, जो प्रार्थी को 2000 रुपए देकर शेष रकम लाने की बात बोलकर चला गया। दोनों मिलकर 22000 रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर चारो आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी सतेन्द्र सोलंकी, मनीष पाराशर के पास से नगदी रकम 11,000 रुपए, 107 नग पेन ड्राइव, दो नग मोबाइल एवं मोटर साइकिल पल्सर को जब्त तथा आरोपी अजय पाराशर से नकली पेन ड्राइव 850 नग ट्राली सुटकेश, ठगी की रकम 22000 रुपए, एक मोबाइल एवं संजय पाराशर से मोटर साइकिल अपाचे तथा एक नग मोबाइल को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# पट्टा नहीं मिला तो चुनावी प्रचार का होगा बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के लालबाग क्षेत्र के समीप वार्ड नंबर 43 प्रभात नगर के लोगों ने सैकड़ों की संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर आवासीय पट्टा दिए जाने की मांग कलेक्टर से की है और मांग पूरी नहीं होने पर राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए मोहल्ले में प्रवेश नहीं करने देने की चेतावनी दी है।

शहर के प्रभात नगर में पट्टा देने के लिए परिवारों को चिन्हित किए जाने के बाद भी वर्षों से सिर्फ आश्वासन मिलने से नाराज सैकड़ों की संख्या में वार्ड के लोग आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और पट्टा दिए जाने की मांग को लेकर वार्ड पार्षद के साथ कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

प्रभात नगर वार्ड के निवासियों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि यहां लगभग 400 परिवार निवासरत हैं। 70 परिवार के लोगों को तत्कालीन मध्यप्रदेश शासनकाल में मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह द्वारा 1994 में पट्टा दिया गया था। जिसका पट्टे का नवीनीकरण पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के आदेश पर किया गया है और शेष 350 लोगों को पट्टे के लिए चिन्हांकित किया जा चुका है, लेकिन अब तक इसे राजगामी की भूमि बताकर बचे लोगों को पट्टे का वितरण नहीं किया गया है।

**चुनाव में नेताओं को नहीं देंगे प्रवेश :** वार्ड के महादेव सोनवानी ने कहा कि चुनाव के वक्त पट्टा दिए जाने की बात राजनीतिक पार्टी के लोग मोहल्ले में आकर करते हैं। घरों का माप भी होता है, लेकिन चुनाव के बाद पट्टा देना भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। ऐसे में आगामी नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद और महापौर का चुनाव लड़ने वाले को मोहल्ले में प्रवेश नहीं देंगे।

### अब तक 7 कलेक्टर को ज्ञापन

वार्ड के महेश यादव ने बताया कि प्रभात नगर में पट्टे की मांग को लेकर वर्षों से आवेदनों के माध्यम से शासन और प्रशासन से गुहार लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक राजनांदगांव के सात अलग-अलग कलेक्टर को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन पट्टा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पार्षद से लेकर महापौर, कलेक्टर, मंत्री और मुख्यमंत्री को भी फरियाद की जा चुकी है, लेकिन परिवारों को चिन्हित करने के बाद भी पट्टा नहीं दिया गया है।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

पट्टे की मांग को लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची वार्ड की पार्षद पेमिन यादव ने कहा कि पट्टा नहीं मिलने की वजह से यहां के लोग प्रधानमंत्री आवास योजना का फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं और केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर पट्टा नहीं मिलता है तो फिर वार्ड के लोगों के साथ उग्र प्रदर्शन करेंगे।






## खबर संक्षेप

### निकाय के प्लेसमेंट कर्मी हड़ताल पर

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के प्लेसमेंट कर्मचारी एक बार फिर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए है। सभी कर्मचारी वार्ड 7 स्थित मंच पर बैठे है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नवीन नामदेव ने बताया कि संघ के आव्हान पर ठेका प्रथा बंद करने और श्रम सम्मान राशि प्रदान करने की मांग को लेकर सभी प्लेसमेंट कर्मचारी 9 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उनकी मांगो को जनप्रतिनिधि अपना समर्थन दे रहे हैं।

### नर्मदा बनेगा भाजपा का नया मंडल

**सड़क अतरिया।** प्रदेश भाजपा ने जिला भाजपा के प्रस्ताव पर दो नए मंडल बनाने की स्वीकृति दी है। नए मंडल में नर्मदा भी शामिल है। बूथ चुनाव के बाद नर्मदा भाजपा मंडल अस्तित्व में आ जाएगा। नए मंडल के अस्तित्व में आने के बाद दल को मजबूती मिलने का अनुमान है। नवीन मंडल में अध्यक्ष की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। नए नियम के अनुसार 35 से 45 वर्ष उम्र के कार्यकर्ता को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपा जाएगा। क्षेत्र के आधा दर्जन कार्यकर्ताओं में से किसी एक को पहला अध्यक्ष बनने का अवसर मिल सकता है। नवीन भाजपा मण्डल में डुमरिया, दरबानटोला, मोहगांव, पहाड़ी मानपुर, पैलीमेटा, लमरा, बेलगांव, भदेरा, सिंगारपुर, ठाकुरटोला, चुचरूंगपुर, भंडारपुर, जीराटोला, बगदूर, अचानकपुर, मगरकुंड़, मानपुर, चकनार, ठंड़ार, दनिया, ऊदान, मानिकचौरी, तेंदूभाठा, जोम, नवागांव लोधी, बुंदेली, विचारपुर, भर्दा, पंड़रिया, ओटेबंद, जंगलपुर, संड़ी, बेलगांव, खैरा नवापारा, खैरबना, गुमानपुर, उर्तुली, गर्रा तथा सड़क अतरिया को शामिल किया गया है।

### मनाया भ्रष्टाचार रोधी दिवस




**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार रोधी दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता थे। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रभावों के बारे में बताया। संचालन रविप्रकाश चतुर्वेदी ने किया। अतिथि शिक्षक हिरेन्द्र साहू, मोनिका सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### बच्चों को खिलाया खीर पुरी



**पटेवा।** प्राथमिक शाला पटेवा में सेवानिवृत्त शिक्षक लखन लाल साहू के जन्म दिवस के मौके पर न्यौता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को खीर पुड़ी खिलाया गया। इस दौरान प्रधानपाठक मनोज साहू, मानेश्वर मानिकपुरी, देवहूति वर्मा, सिंधु सोनटेके, सरिता, एलके साहू मौजूद थे।

### स्काउट गाइड ने किया 38 यूनिट रक्तदान

**डोंगरगढ़।** डॉ. आंबेडकर ओपन रोवर क्रू एवं सरोजनी ओपन रेंजर टीम ने



डॉ.आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आदर्श बौद्ध महासभा, नागसेन बुद्ध विहार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 38 यूनिट रक्तदान स्काउट गाइड के बच्चों ने किया। कार्यक्रम में जिला आयुक्त अरविंद सहारे, रोवर लीडर राकेश भावते, करण मेश्राम, युवराज साहू, हूमेंद्र, चंद्र कुमार, रोहिनी वर्मा, नंदनी अम्बादे सहित अन्य थे।

### सभी रोज करें तुलसी पूजा

**पटेवा।** ग्राम के शीतला माता मंदिर प्रांगण में आयोजित शिव महापुराण



कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य नंदीलाल लिखेश्वर महाराज ने बताया कि तुलसी की परिक्रमा करने से मनुष्य की सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। मनुष्य को तुलसी की प्रतिदिन पूजा करना चाहिए। घर के ईशान कोण में शिव मूर्ति स्थापित करने से घर स्वर्ग के समान हो जाता है। भगवान की कृपा होने पर ही मनुष्य को सत्संग करने का सौभाग्य मिलता है। शिव मंदिर में ब्रह्मनांद करने से शिव प्रसन्न होते हैं।

### मेधावी युवाओं का सम्मान

**डोंगरगांव।** ग्राम पंचायत ओड़ारबांध में 8 दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित



कर मां कर्मा सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं गांव के युवाओं का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ हर्षा उइके, मनीष मंडावी, ढलेश्वर साहू, देवा मांडवी, एस कुमार मंडावी, प्रमोद कुमार नेम, विनोद टेंबुरकर, युवराज साहू, भूपेंद्र साहू, नेहा साहू शामिल थे। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू, जयश्री साहू, टिकेश साहू, अमरनाथ साहू, हेमंत साहू, मूलचंद साहू, मोहनीश साहू, सद्दाम खत्री, चुम्मन साहू, सरपंच सुनीता साहू, सावित्री साहू, बिसंबर साहू, धनुलाल साहू, मनोहर साहू, बीरबल साहू, केजवन साहू, नरेंद्र साहू, मोहन साहू आदि शामिल हुए।

### मैराथन दौड़ 21 को

**डोंगरगांव।** मार्निंग यूथ क्लब के तत्वावधान में आगामी 21 दिसंबर को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। दौड़ में विजेता को 11 हजार और उपविजेता को 5 हजार दिया जाएगा। आयोजन से जुड़े प्रफुल्ल जैन राजा ने बताया कि इस स्पर्धा में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। एंट्री निःशुल्क हैं। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर सभी में व्यापक उत्साह है और प्रतिभागी क्लब के ऐप के माध्यम से अपना पंजीयन करा रहे हैं। उन्होंने अंचल के प्रतिभागियों से मैराथन में शामिल होने का आह्वान किया है।



### सुशील चंदेल का निधन

**गंडई पंडरिया।** छिराहीडीह निवासी सुशील सिंह चंदेल का हृदयघात से 7 दिसंबर को निधन हो गया है। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। ग्रामीणों ने उनके निधन पर शोक जताया है।

## सुस्त परिवहन से चरमराने लगी धान खरीदी व्यवस्था

# धान रखने के लिए जगह नहीं महाराजपुर में आज से खरीदी बंद




हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

धान का परिवहन नहीं होने और अब भंडारण के लिए जगह नहीं बचने के बाद महाराजपुर सोसायटी में कल 10 दिसंबर से धान खरीदी बंद करने की सूचना चस्पा कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार गत 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जा रहा है। लगातार धान की आवक होने के बाद भी उठाव नहीं होने से अब केंद्र में धान रखने के लिए जगह नहीं है। स्थानाभाव में खरीदी बंद करने के कगार पर है। धान खरीदी बंद होने से उन किसानों को सर्वाधिक परेशान होना पड़ेगा जो धान बेचने के लिए टोकन ले चुके हैं। जानकारी के अनुसार केन्द्र में आवक के हिसाब से उठाव नहीं होने के कारण यह संकट बना है। जानकारी के अनुसार महाराज केन्द्र में 5 गांव के किसान धान बेचते है जबकि पहले क्षेत्र के किसान धान बेचते थे। 2019 में लालुटोला में खरीदी केन्द्र बनाने के बाद भी संकट बना हुआ है।

### किसानों को होगी परेशानी



**बंद रहेगी खरीदी**

धान का परिवहन नहीं होने और जगह के अभाव से कल 19 दिसंबर से अनिश्चितकालीन तक खरीदी बंद रहेगी। **- केजराम यादव,** प्रबंधक

### किसानों को पूरा भुगतान करे सरकार

**सड़क अतरिया।** जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर किसानों से समस्या की जानकारी लिया। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि साय सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। भाजपा ने किसानों को धान का एकमुश्त 31 सौ रूपए की दर से भुगतान करने का वादा किया था किन्तु वर्तमान में 23 सौ एवं 2320 की दर से भुगतान किया जा रहा है। धान बेचने के पखवाड़े भर बाद भी किसानों को 31 सौ रूपए नहीं मिल रहा है। उन्होंने किसानों को पूरी राशि का एकमुस्त भुगतान करने की मांग की है।



### युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**चिचोला।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष विनोद मंडलोई की नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में धान को 31 सौ प्रति क्विंटल के दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था। घोषणा पत्र में पंचायत स्तर पर भुगतान करने का भी वादा किया था परंतु सरकार 23 सौ रूपए क्विंटल के दर पर भुगतान किया जा रहा है। किसान बारदाना, टोकन की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश से धान लाकर खरीदी केन्द्रों में खपाया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोनू खान, गिरधर जांगड़े, पिंकू ठाकुर, माखन नेताम, सोनू मानिकपुरी, टॉपसिंह ठाकुर, पिंटू ठाकुर, रोहन सेन, दद्दू गोस्वामी मौजूद थे।



## चतुर्थ वर्ग कर्मचारी 12 को देंगे धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- पदोन्नति की सुस्त प्रक्रिया से कर्मचारी नाराज

छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा आगामी 12 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपेगा। इस मौके पर सात सूत्री मांगों को उठाया जाएगा। संघ ने गत दिनों संयुक्त कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन सौंपा था जिसमें दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करने, आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों का युक्तिकरण कर नियमित वेतनमान, राजस्व विभाग के कर्मचारियों को सहायक ग्रेड 3 पर पदोन्नत करने, श्रम सम्मान राशि का प्रत्येक माह भुगतान करने की मांग किश्स गया था।

### कार्रवाई के निर्देश

संघ के ज्ञापन सौंपने के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने पत्र जारी कर श्रम विभाग को मांगों का निराकरण करने निर्देशित किया है। इसी कड़ी में श्रम आयुक्त को पत्र जारी कर मांगों का निराकरण करने के निर्देशित किया गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा चतुर्थ वर्ग कर्मियों की पदोन्नति में हो रहे विलंब को देखते हुए संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे एवं जिला अध्यक्ष रघुवीर तिवारी ने अपर कलेक्टर से गत दिनों मुलाकात कर ज्ञापन देकर शीघ्र पदोन्नति करने की मांग की है। अपर कलेक्टर ने एक माह में पदोन्नति करने का आश्वासन दिया है। संघ ने निर्णय लिया है कि एक माह में पदोन्नति नहीं किया जाता है तो कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## संकुल स्तरीय टूर्नामेंट में बिजेपार के बच्चे प्रथम



- स्पर्धा में शामिल हुए 7 स्कूलों के 175 बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों मुंजालकला में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच सावित्री भूषण साहू ने माँ सरस्वती की पूजा और ध्वजारोहण कर किया। परेड में 5 प्राथमिक एवं 2 माध्यमिक शाला के करीब 175 बच्चे शामिल हुए। इस दौरान 80, 100, 200, 400, 600 मीटर दौड़, बोरा दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, सुरीली कुर्सी, रिलेरेस, खो खो, कबड्डी, रस्साकसी, गोली चम्मच आदि का आयोजन किया प्राथमिक शाला बिजेपार एवं माध्यमिक शाला आमगांव को ओवर आल चैंपियन के खिताब से नवाजा गया। अन्य विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ज्ञानचंद साहू, शैलेंद्र बोरकर, अलेन्द्र, अमरिया, कुलदीप, संतोषी साहू, वर्षा पाठक, ललित देवांगन, राजकुमार कौशल, गोलूराम साहू, वेदिका हिरवानी, सविता मेश्राम, यास्मीन ठाकुर, सरोज सहारे आदि मौजूद थे। अंत मे आभार प्रदर्शन उपसरपंच पन्नालाल साहू ने किया।

**अवेली मंडई 12 को / पटेवा।** अवेली में आगामी 12 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए लोक नाट्य नाच पार्टी मयारु मोर लाटाबोड़ का कार्यक्रम रखा गया है। इसके पूर्व 10 एवं 11 दिसंबर को लोकनाथ पांडेय निवासी जेवरी का प्रवचन होगा। आयोजक समिति ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



### देवांगन समाज के अध्यक्ष बने रामकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

देवांगन समाज डोंगरगढ़ का चुनाव संपन्न हुआ है। अध्यक्ष पद पर रामकुमार देवांगन निर्विरोध चुने गए। डॉ. अश्विनी देवांगन उपाध्यक्ष, विजय देवांगन कोषाध्यक्ष, अभिलाष देवांगन सचिव एवं सौरभ देवांगन सहसचिव चुने गए। देवांगन समाज ने नई पहल करते हुए युवाओं को आगे बढ़ाते हुए उन्हे जिम्मेदारी सौंपा है।

नवनियुक्त अध्यक्ष रामकुमार देवांगन ने अपने निर्वाचन के लिए सभी का आभार जताया है।

### भांठागांव में रोड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भांठागांव में चार सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख 40 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए है।

## फिर धान बोने की तैयारी में जुटे किसान

- गर्मी में गहराता है जलसंकट

**गंडई पंडरिया।** अंधाधुंध सीसी रोड सहित पक्के मकान निर्माण के चलते बारिश का जल जमीन के अंदर नहीं जा पाता है जिससे भूजल स्तर लगातार नीचे जाते जा रहा है। वहीं भूजल के दोहन से गर्मी के सीजन में जलसंकट गंभीर होने लगा है।

जानकारी के अनुसार बीते कुछ सालों में घरों और खेतों में अंधाधुंध बोर खनन करवाया जा रहा है साथ ही धान की दोहरी फसल लेने वाले किसान पानी का भरपूर दोहन कर रहे हैं। क्षेत्र के दर्जनों किसान धान की दोहरी फसल लेने की तैयारी कर रहे है। उल्लेखनीय है कि धान की दोहरी फसल के कारण बीते कुछ सालों से गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत से आम जनता को जूझना पड़ता है। हर साल नदी, नाले, कुएं सूख जाते हैं। पूर्व में कुछ कलेक्टरों ने गर्मी के दिनों में धान की फसल लगाने पर रोक लगा दिया था परंतु



इस साल इस संबंध में कोई गाइड लाईन जारी नहीं किया गया है जिससे किसान खेतों में धान फसल लेने की तैयारी में है।

**दे रहे समझाईश**

कृषि विभाग द्वारा किसानों को इस बात के लिए प्रेरित किया जा रहा है कि वह धान के बजाए चना गेंहू,मक्का आदि फसल गर्मी के दिनों में लगाएं। **- राजकुमार सोलंकी,** उपसंचालक कृषि

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार ने दी कई सौगातें



**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने छत्तीसगढ़ एवं केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं की सराहना किया है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे लाइन, यातायाता व्यवस्थित करने रिंग रोड, धार्मिक स्थलों को में जोड़ने परिक्रमा पथ, गौशाला से नीचे मंदिर तक वाई शेप ओवरब्रिज, अमृत स्टेशन अंतर्गत यात्री सुविधा का विस्तार, विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना मद से 3 करोड़ के विकास कार्यों स्वीकृत हुए है। उन्होंने इन कार्यों का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरुण साव, सांसद संतोष पाण्डेय के नेतृत्व को दिया है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ कटघोरा रेलवे लाइन को लेकर किसानों को भ्रमित किया जा रहा है जबकि पूर्व में भू अर्जन की प्रक्रिया को लंबित रखा गया और कांग्रेस सरकार ने अपना अंशदान नहीं दिया था, जिससे इसका काम शुरू नहीं हो पाया था। वर्तमान में मैनुवल, ड्रोन सर्वे एवं ज्वाइंट सर्वे किया जा रहा है जिसकी रिपोर्ट आनी बाकी है। नए सर्वे के आधार पर मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाएगा।

### विधायक ने किया यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण



**खुज्जी।** गिदर्री में विधायक भोलाराम साहू ने सरस्वती माता की पूजा कर क्षेत्र के लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया। रूम सहित कलामंच निर्माण का भूमिपूजन किया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान कांति भंडारी, राजू सिन्हा, कोमल पटेल, मोहित भुआर्य, रामसाय उइके, चिन्ताराम सहारे, प्रीतम लाल साहू, अमोली राम, पोषण कुमार, कन्हैया पटेल, सुंदरलाल, नरसिंह अमरिया, धनेश कुमार, गायत्री कोठारी आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार विधायक साहू ने सीताक्रसा व जंगलपुर में नव-निर्मित सामुदायिक भवनों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में ईश्वर साहू, प्रतिमा साहू, प्रकाश शर्मा, राजकुमार सिन्हा, छोटेलाल, गजेंद्र भुआर्य, बलेश्वर चन्द्रवंशी, दिनेश साहू, लाजवंती ठाकुर, लखनलाल, महेंद्र साहू, धनेश्वरी साहू, लीलेश्वरी साहू, कांति बाई साहू, कमल यादव आदि मौजूद थे।

### निकाय कर्मी 11 से बेमियादी हड़ताल पर



**छुईखदान।** नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले छत्तीसगढ़ के 1984 निकायों के कर्मचारी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 11 दिसंबर से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर रहेंगे। कर्मचारियों ने ट्रेजरी से वेतन भुगतान, ओल्ड वेतन योजना लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति, 10 वर्ष सेवा पूर्ण होने पर पदोन्नति, 6वें एवं 7वें वेतनमान एरियर्स राशि का भुगतान, निकाय में ठेका पद्धति समाप्त करने की मांग किया है। इसके पूर्व 12 से 14 नवंबर तक निकाय के कर्मचारी बिलासपुर में हड़ताल कर चुके है। संघ के जिला अध्यक्ष प्रशांत वर्मा ने बताया है कि संघ की 8 सूत्रीय मांगों पर शासन कोई विचार नहीं कर रहा है।

**चुनाव का करेंगे बहिष्कार**

श्री वर्मा ने बताया कि निकाय चुनाव में निकाय का कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य मतदान में भाग नहीं लेंगे। इस संबंध में कर्मचारियों ने प्रपत्र भरवाया गया है जिसे निर्वाचन पदाधिकारी एवं विभागीय मंत्री को प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कई निकायों में 2 से 4 माह का वेतन भुगतान लंबित है जबकि राज्य शासन ने निकायों को एक तारीख को वेतन भुगतान करने का आदेश जारी किया है जिसका अधिकारी पालन नहीं कर रहे हैं।

## भव्य कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

# मंत्रोच्चार की गूंज से गुंजायमान रही संगीत नगरी, निकाली कलश यात्रा

### 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्र जागरण के उद्देश्य से फतेह मैदान में आयोजित 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इस दौरान पीले रंग के वस्त्र पहले एक हजार एक महिलाएं व युवतियॉ मंगल कलश धारण किए लालपुर एनीकट पहुंची जहां वरूण देव की आराधना कर उसे कलश मे स्थापित किया। हम बदलेंगे युग बदलेगा के नारों और भजन कीर्तन के बीच शहर भ्रमण बाद कलश यात्रा फतेह मैदान आयोजन स्थल पहुंची जहॉ सांसद संतोष पांडेय, विधायक यशोदा वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्रकार सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण साथ मां गायत्री की विधिवत पूजा अर्चना, कलश पूजन कर दीप प्रज्जवलन किया गया।

सांसद संतोष पांडेय ने आयोजन को लेकर आयोजकों को साधुवाद देते हुए कहा कि इससे वातावरण, वायुमंडल में पवित्रता आती है और नई पौध को सनातनी संस्कार व परपंरा को समझने का अवसर मिलता है। विधायक यशोदा वर्मा ने भी आयोजकों को बधाई दी और हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

गौरतलब है कि परिवार, समाज, व्यक्ति, संस्कारवान पौड़ी का निर्माण करने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के महत्व और वेद-मंत्र के महत्व को समझने समझाने को लेकर आयोजित महायज्ञ मे बडी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए वृहद स्तर पर तैयारी की गई है।



**बताई महिमा**

सोमवार 9 को हरिद्वार से आए साधकों ने बताया कि गायत्री महायज्ञ के आयोजन से कई जन्मों के पाप धुल जाते है। गायत्री मंत्र नही होता तो सनातन धर्म पर कोई व्यक्ति की आस्था नही होती। उन्होंने सभी मंत्रो का महामंत्र गायत्री मंत्र को बताते हुए कहा कि इसके उच्चारण मात्र से व्यक्ति के दुख का निवारण हो जाता है। विपत्ति तत्काल दूर हो जाती है। गायत्री मंत्र के जाप से मन मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और चित्त शांत होता है। गायत्री मंत्र की महिमा को लेकर कहा कि इसके जाप से मन को सुकुन मिलता है वही शरीर भी मजबूत होता है। मंत्र जाप से दिल मजबूत होता है, शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

**चार दिन तक होगा अनुष्ठान**

भव्य पंडाल साथ स्थापित 51 हवनकुंड में गायत्री परिवार के आचायों द्वारा हवन की प्रक्रिया कराई जाएगी। इनके साथ संगीत टोली भी भजन कीर्तन की प्रस्तुति देंगी। छत्तीसगढ़ समेत हरिद्वार और अन्य प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के साधक महायज्ञ में शामिल होने पहुंचे है। भव्य कलश यात्रा साथ शांतिकुंज हरिद्वार के साधकों द्वारा विशेष संबोधन बाद दूसरे दिन सोमवार 9 को सुबह सामूहिक जप ध्यान, देवपूजन, गायत्री महायज्ञ, दोपहर को प्रज्ञापुराण पर आधारित प्रवचन बाद शाम को कार्यकर्ता गोष्ठी साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। महायज्ञ मे पुंसवन, अन्नप्राशन, जन्मदिन, विवाह, उपनयन, दीक्षा संस्कार, विद्यारंभ, वानप्रस्थ संस्कार निःशुल्क कराया जाएगा। यज्ञ की शुरूआत में पहले दिन देवपूजन में जोड़ें बैठें, एक हवनकुंड में 11 से 14 लोगों की बैठक व्यवस्था रखी गई है। गायत्री परिवार साधक और महायज्ञ के संयोजन में जुटे सुरेन्द्र सिंह सेंगर, गुलाब चोपड़ा, प्रभात साहू, टीडी वर्मा, साधना अग्रवाल ने बताया कि महायज्ञ में हरिद्वार से 21 से अधिक गायत्री परिवार के महावक्ता शहर में रहेगें। इस दौरान गायत्री परिवार के अंतर्राष्ट्रीय वक्ता श्यामविहारी दुबे भी आएंगे और संस्कार सहित महायज्ञ की महिमा बताएंगे।

# पोस्टर बनाओ-स्लोगन लिखो स्पर्धा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कान्फ्लुएंस महाविद्यालय राजनांदगांव में महिला प्रकोष्ठ (विशाखा) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पोस्टर बनाओ एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के सशक्तीकरण और उनके मानवाधिकारों की पूर्ति को बढ़ावा देना है।

इस दिन को मनाने का मकसद लड़कियों को विकास के अवसर देना और समाज में उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाना भी है। इस प्रतियोगिता में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों को सामना करने विद्यार्थियों को थीम के अनुसार पोस्टर बनाने एवं स्लोगन लिखने कहा, ताकि इस पोस्टर एवं स्लोगन को देखकर समाज जागरूक हो सके।

इस पोस्टर बनाओ एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वालों में प्रथम महिमा साहू, द्वितीय राजविंदर कौर, तृतीय नंदिता सैन एवं कशिश अयाज रहे। प्रतियोगिता के दौरान प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने विद्यार्थियों का हौसला बुलंद किया एवं लड़कियों को शिक्षित करना, उनका स्वास्थ्य सुनिश्चित करना और उनके करियर के लिए मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

### महाविद्यालय में हुआ फन फेयर का आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए फन फेयर का आयोजन किया गया। जिसमें बीसीए, बी.कॉम व बीबीए के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने कुल 8 अलग-अलग प्रकार के स्टॉल लगाए थे। जिसमें पानीपुरी, भेल, पास्ता, स्वीटकॉर्न, मैगी व अन्य गेम स्टॉल शामिल थे। प्रबंधन विभाग अध्यक्ष आभा प्रजापति ने कहा कि फन फेयर आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल विकास को विकसित करना है और व्यापारिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि यह एक शानदार अनुभव प्रदान करता है। इस तरह के विभिन्न गतिविधियों को संचालित कर हम विद्यार्थियों में संगठन, नेतृत्व और टीम वर्क जैसे कौशल को विकसित करते हैं। इस मेला के अवलोकन के लिए संचालक डॉ. मनीष जैन और संजय अग्रवाल ने भी प्रत्येक स्टॉल में जाकर के उनके द्वारा व्यय किए गए राशि के बारे में पूछने लगे और फिर विभिन्न खाद्य सामग्रियों का सेवन कर आनंद लिया। इस मेला में शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

# बेहतर रिजल्ट को लेकर बैठक, अपर संचालक ने दी ब्लू प्रिंट की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- बैठक में जिलेभर के प्राचार्य हुए शामिल

परीक्षा परिणामों मे सुधार को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय के अपर संचालक डॉ योगेश शिवहरे ने प्राचार्यो की विभागीय बैठक ली। संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर, डीईओ लालजी द्विवेदी की उपस्थिति में विक्टोरिया स्कूल के विज्ञान भवन में आयोजित बैठक में अपर सुंचालक डा. शिवहरे ने जिले भर के विभिन्न स्कूलो से आए प्राचार्यो को लीडरशिप का सही रूप, शिक्षक से सामंजस्य ब्लू प्रिंट मे कितना उपयोगी हो सकता है इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इससे हम छात्र को बंहतर अंक अर्जित कराने मे पूरा सहयोग कर सकते है। परीक्षा मे बेहतर अंक अर्जित करने वाले परीक्षार्थियो को मेरिट सूची के स्तर तक पहुँचाने ब्लू प्रिंट का कैसे उपयोग करे इससे अवगत कराते हुए डॉ शिवहरे ने प्राचार्यो को उनके व्यक्तित्व को लेकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो के बच्चो पर विशेष फोकस करे और शिक्षको से सामंजस्व व बच्चो से मित्रतापूर्ण संबंध बनाकर परिसर मे बेहतर गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण बनाए रखे।

**अकारण अवकाश लेने की प्रवृत्ति त्यागे शिक्षक**

संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ने बीते सत्र के सभी स्कूलों के परीक्षा परिणामों का अवलोकन करने के बाद ऐसे स्कूल जहॉ परिणाम अनुकूल नही आ पाया था उन्हें शिक्षकों से सामंजस्य बनाकर योजनाबद्ध तरीके से अध्ययन अध्यापन कराकर बेहतर प्लानिंग साथ इस साल दूर करने कहा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस सत्र में सिर्फ प्राचार्य नही परिणाम अनुकूल नही आने पर शिक्षकों की भी जवाबदेही तय की जाएगी। अकारण अवकाश लेने से बाज आने की नसीहत देते हुए कहा कि इससे पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने 16 बिंदुओं पर जारी परीक्षा संबंधी निर्देश पर चर्चा करने के बाद पाठ्यक्रम पूरा होने पर रिवीजन कराने कहा। ब्लू प्रिंट से संबंधित प्राचार्यों के सवालो का जवाब देते हुए संयुक्त संचालक ने कहा कि वाट्सअप समूह में इसका पीडीएफ आने पर हार्ड कापी निकालकर फाईलिंग करना, पेपर छांटना आवश्यक है। इससे पूर्व डीईओ लालजी द्विवेदी ने जिले भर से आए प्राचार्यों को परीक्षा में बेहतर रिजल्ट लाने आवश्यक तैयारियों को लेकर जानकारी दी वही ब्लू प्रिंट को लेकर कहा कि इससे बेहतर क्रियांवयन से हम जिले मे शानदार शैक्षणिक वातावरण आसानी से तैयार कर सकते है। इस दौरान सहायक संचालक डॉ रश्मि खरे, बीईओ खैरागढ़ नीलम सिंह राजपूत, बीईओ छुईखदान रमेंद्र डडसेना, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, एपीसी आत्माराम साहू, समग्र शिक्षा नोडल श्रीश पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

### दो नए मंडल मिलाकर जिले में अब भाजपा के 8 मंडल

**खैरागढ़।** मंडल परिसीमन की प्रक्रिया बाद जिले में भाजपा के दो नए मंडल मां नर्मदा और ठेलकाडीह को मिलाकर इनकी संख्या आठ हो जाएगी। केंद्र व प्रदेश संगठन से मंडल परिसीमन व नए मंडल निर्माण निर्देश के पालन को लेकर जिला भाजपा संगठन की बैठक मे इस विषय पर गहन चर्चा बाद दो नए मंडलों के गठन की सहमति बनी जिसके चलते अब जिले मे भाजपा के आठ मंडल हो जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की अध्यक्षता मे संगठन महामंत्री पवन साय, भरत वर्मा, रामजी भारती और पुनर्गठन प्रभारी दीपक मसखरे की मौजूदगी मे सांसद संतोष पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू साथ पुराने छै मंडलों के पदाधिकारी टीके चंदेल, खम्हन ताम्रकार, जीवन देवांगन, पारस ठाकरे, नेतराम जंघेल, ललित सोनी, गोरलाल वर्मा व शत्रुहन साहू की उपस्थिति मे आयोजित बैठक में सर्वसम्मति बाद जिले मे दो नए मंडल बनाए जाने की घोषणा की गई। जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू ने बताया कि संगठन में मजबूती और संगठनातमक संचालन को देखते हुए जिले में भाजपा मंडलों की संख्या बढ़ाई गई है। नवीन मंडल के रूप मे मां नर्मदा और ठेलकाडीह क्षेत्र को शामिल कर मंडल एरिये का परिसीमन भी हो गया है। पुराने मंडलों में छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा और पांडादाह का नाम यथावत रहेगा जबकि खैरागढ़ शहर मंडल को खैरागढ़ मंडल के नाम से जाना पहचना जाएगा। खैरागढ़ ग्रामीण मंडल को बाजार अतरिया मंडल का नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि बूथ कमेटियों का गठन हो गया है। 15 दिसंबर के पहले सभी मंडलों में चुनाव भी हो जाएगा। इसके लिए प्रदेश संगठन द्वारा मिले निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा।

### पेंडरी में 11 को भजन सत्संग

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम पेंडरी में 11 दिसंबर को सदगुरु कबीर साहेब अंतर्ध्यान दिवस एवं श्रीमद् गीता जयंती महोत्सव पर्व पर भजन-सत्संग व आरती पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर प्रसिद्ध मानस भजन मंडली ग्राम सारंगपुर खैरागढ़ से शिवराम सिन्हा एवं उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। प्रमुख वक्ताद्वय दानीराम हिरवानी, देवेन्द्र हिरवानी कन्हारपुरी राजनांदगांव और कबीर आश्रम के महंत श्री सेवादास साहेब, मानस मर्मज्ञ भागवत साहेब, श्रीमद् गीता महात्म्य सामूहिक पाठ वक्ता जागेश्वर सिन्हा के सान्निध्य में होगा। स्कूल छात्र-छात्राओं एवं माता-बहनों द्वारा सामूहिक गीता महात्म्य पाठ किया जाएगा। यह जानकारी योगदास साहू ने दी है।

# जांच कमेटी पर उठाया सवाल

## जिलाध्यक्ष ने कहा पैसों की खनक से मुंह बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- लेखापाल के खिलाफ मेडिकल बिल निकालने के नाम पर पैसे मांगने के आरोप के बाद जांच को लेकर उठाया सवाल

सिविल अस्पताल में पदस्थ लेखापाल के खिलाफ मेडिकल बिल निकालने के नाम पर पैसे मांगने के आरोप बाद जॉच को लेकर छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा ने सवाल उठाते हुए पूरी कमेटी को कटघरे मे खड़ा कर दिया है।

जारी विज्ञप्ति मे बिना नाम का उल्लेख किए कमेटी सदस्य डॉ पंकज वैष्णव, डॉ बोधन परते, प्रभारी लिपिक अर्पित गुप्ता सहित तमाम सदस्यों की काबिलियत और जॉच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा है कि लेखापाल के उपर लगे आरोपों की गंभीरता से जॉच करने की जगह कमेटी सदस्यों ने लीपा पोती कर दी है। शिकायत पर पांच महीने से जारी जॉच को लेकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह एसीबी या सीबीआई की जॉच है जिसके चलते समय लग रहा है। चतुर्थ वर्ग कर्मचारी से पैसे मांगने वाले लेखापाल के खिलाफ जॉच करने के दौरान कमेटी द्वारा बयान देने वालों से फोन मे वाईस रिकार्डिंग मांगा जा रहा है।

जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा ने कहा कि एक ही शहर छुईखदान में रहने के कारण लेखापाल सीएचएमओ का विश्वसनीय बना हुआ है तभी तो नए जिले में बजट संबंधी सभी काम शिकायत होने के बाद भी उसे दिया गया है। एक ही व्यक्ति को दोनों जगहों का काम सौंपकर और अपने साथ मिलाकर सीएचएमओ सरकारी मलाई हड़प रहे है। लेखापाल के साथ साथ सीएचएमओ की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा ने जारी विज्ञप्ति मे कहा कि दोनों की मिलीभगत के कारण स्वास्थ्य सेवा बदहाल हो गई है।

**आरोप निराधार और गलत**

मेडिकल अवकाश के नाम पर पैसे मांगने संबंधी छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा ने महिला कर्मचारी से लेखापाल द्वारा पैसे लेने और उसके बाद भी काम नही करने का आरोप लगाया था जिसकी जॉच चल रही है, लेकिन इस बीच दोनों पक्षो के आमने सामने होने से पूरा अस्पताल परिसर अखाड़े में तब्दील हो गया है। लेखापाल कमलेश त्रिपाठी का कहना है कि बाजार अतरिया पीएचसी में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन हंसाराम वर्मा संघ का जिलाध्यक्ष होने के नाते अधिकारियों पर दबाव बनाने, कर्मचारियों को बेवजह परेशान करने और कार्य स्थल में जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही बरत रहा है। शिकायत आवेदन में हंसाराम वर्मा संघ कार्यालय का पता सिविल अस्पताल लिखकर गुमराह कर रहा है। महिला कर्मचारी से पैसे मांगने संबंधी आरोप खारिज करते हुए कहा कि आया 3 जनवरी को अवकाश आवेदन देकर गई जबकि शिकायत आवेदन मे 4 जनवरी से अवकाश पर जाना बताया जा रहा है इसलिए आवेदन का पहला बिंदु ही पूरी तरह से निराधार है। कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि डीडीओ पॉवर नही होने के कारण ब्लाक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन राजनांदगॉव कार्यालय से होता है। लेखापाल ने कहा कि जिलाध्यक्ष के पुत्र द्वारा अस्पताल परिसर मे जनौषिध केंद्र का संचालन किया जाता था लेकिन ब्रांडेड दवाईयों को बेचने की लगातार शिकायतों के बाद अस्पताल प्रबंधन से दुकान हटा दिया है जिसके चलते हंसाराम वर्मा निजी खुन्नस निकालने आरोप लगा रहा है।

**संघ के नाम से दबाव बनाते हैं जिलाध्यक्ष**

लेखापाल ने विभागीय कारवाई की जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल अवकाश की स्वीकृति के लिए मेडिकल बोर्ड से 6 जून को फिटनेस सर्टिफिकेट पेश करने पर अवकाश स्वीकृति संबंधी कारवाई करने का निर्देश दिया गया था। आया द्वारा प्रमाण पत्र जमा करने के बाद सीएचएमओ कार्यालय से 17 सितंबर को 111 दिनों का अवकाश संबंधी आवेदन मूल दस्तावेजों के साथ कारवाई के लिए प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग के नियमों को दरकिनार कर जिलाध्यक्ष द्वारा आया का मेडिकल अवकाश स्वीकृत कराने और राशि आहरण करने दबाव बनाया गया लेकिन मेरे मना करने के बाद संघ के लेटर पैड मे महिला कर्मचारी को सामने रखकर पैसे मांगने का निराधार आरोप लगा रहे है।

### जनप्रतिनिधियों ने तीनों चयनित युवाओं को दी बधाई

# मुढ़ीपार में अग्निवीरों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



मुढ़ीपार में अग्निवीरों का शानदार स्वागत किया गया। अग्निवीर मनीष बर्मन, चंद्रभान वर्मा और सुग्रीव नेताम के छै महीने के कड़े प्रशिक्षण बाद वापिस गॉव लौटने पटेल अकादमी व ग्रामीणों द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिपं सभापति विप्लव साहू, जनपद सदस्य तोपसिंह राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य संतोष सिन्हा, जिला सतनामी समाज अध्यक्ष खुमान देशलहरे, हरिराम साहू, लादूराम साहू, लक्ष्मी नोहर बर्मन सहित अन्य उपस्थित थे।

जवानों को अग्निवीर के रूप मे तैयार करने कड़ी मेहनत करने वाले पटेल अकादमी के महेंद्र पटेल ने बताया कि एसपी त्रिलोक बंसल के मार्गदर्शन से उनको क्षेत्र के युवाओ को देश रक्षा के लिए भारतीय सेना मे शामिल होने और बेहतर कैरियर निर्माण की दिशा मे काम करने की प्रेरणा मिलती है। जनप्रतिनिधियों ने तीनों चयनित युवाओं को बधाई देते हुए अन्य युवाओं को अनुशासित रहकर सफलता प्राप्त करने प्रेरित किया और शासकीय सेवा से समय निकालकर युवक-युवतियों को निशुल्क प्रशिक्षण देने वाले अकादमी संचालक महेंद्र पटेल की प्रशंसा की। गौरतलब है कि अकादमी मे मुढ़ीपार के अलावा आसपास के कई किलोमीटर दूर बसे अनेक गावों से प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण लेने आते हैं। इस दौरान कुमेश साहू, राजेश साहू, राजा सिन्हा, चैतराम वर्मा, चंद्रकांत सिन्हा के साथ बड़ी संख्या में युवा महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे।

### आधार पोर्टल प्रशिक्षण आयोजित

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन में UIDAI/आधार क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद से आए सहायक प्रबंधक आशीष कुमार ने जिले के सभी आधार संचालकों की बैठक एवं प्रशिक्षण के माध्यम से आधार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा किए एवं नए नियमों पर जोर दिया गया। उन्होंने बैठक में आधार कार्ड से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी और नए नियम साझा किए गए। आशीष कुमार ने बताया कि अब जिले का नाम मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी आधार पोर्टल पर अद्यतन कर दिया गया है। हालांकि नागरिकों के आधार में अभी भी अविभाजित जिला राजनांदगांव का नाम दर्ज है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों का नया आधार कार्ड बनवाने पहले माता-पिता को अपना आधार अपडेट कराना अनिवार्य है। बैठक में ई-जिला प्रबंधक, जिले के सभी आधार संचालक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान आधार संचालन की प्रक्रियाओं को सुगम और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्रं. 202411092100024 अ/2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दिव्य अग्रवाल पिता राजेश अग्रवाल, जाति-अग्रवाल, निवासी वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम रामनगर प.ह.नं. 24 रा.नि.म. डोंगरगढ तहसील-डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) में ख.नं. 66/2 रकबा 0.364 हे. कृषि भूमि स्थित है। आवेदक उपरोक्त ख. नं. 66/2 रकबा 0.364 हे. कृषि भूमि को अपने व्यवसायकि कृषि गोदाम प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तीत करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा उपरोक्त भूमि ख.नं. 66/2 रकबा 0.364 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने बाबत छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/12/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202411092100027 अ / 2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक वंश अग्रवाल पिता मनोज अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ. ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम रामनगर प.ह.नं. 24 रा. नि. मं. डोंगरगढ़ तहसील - डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) में ख. नं. 66/10 रकबा 0.3630 हे. कृषि भूमि स्थित है। आवेदक उपरोक्त ख. नं. 66/10 रकबा 0.3630 हें कृषि भूमि को अपने व्यवसायकि कृषि गोदाम प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तीत करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा उपरोक्त भूमि ख. नं. 66/10 रकबा 0.3630 हे. भूमि को व्यवसायिक कृषि गोदाम प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने बाबत छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/12/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 25/11/ 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़**

## सार समाचार

### एक अभियान हर हर सुंदरम-घर घर सुंदरम का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के सह-सचिव यश खंडेलवाल ने बताया कि खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के धर्म परायण सेवाभावी अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल के नेतृत्व में एक अभियान हर हर सुंदरम-घर घर सुंदरम का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अभियान में नगर में रहने वाले खंडेलवाल स्वजातीय बंधुओं के प्रतिष्ठान-घरों में श्रीश्री 1008 समाज कुलभूषण संत शिरोमणि श्री सुंदरदास महाराज की फोटो प्रतिस्थापित की जा रही है। प्रत्येक घर में संतश्री की फोटो हो व एकरूप फोटो से समाज के प्रत्येकजनों में सामाजिक एकता का भाव जागृत हो, यही युवा संगठन का मुख्य उद्देश्य व हमारी भावना है। इस अभियान का शुभारंभ रामाधीन मार्ग से 5 दिसंबर को रात्रि 8 बजे से किया गया। इस अवसर पर खंडेलवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मार्गदर्शक श्याम खंडेलवाल, अरुण खंडेलवाल, खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, प्रतीक खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष पराग खंडेलवाल, सहसचिव यश खंडेलवाल, सांस्कृतिक प्रभारी आकाश खंडेलवाल एवं मीडिया प्रभारी राम दुसाद व समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के प्रचार-प्रभारी राम खंडेलवाल ने दी।

### प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ अव्वल

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अव्वल रहा। उक्त प्रतियोगिता वेसलियन हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित था। जिसमें विभिन्न जिलों के विद्यार्थियों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया। ''कौशिकी



2024'' प्रतियोगिता का नाम दिया गया था। जिसमें गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। कक्षा 12वीं की छात्रा पलक सोनी ने गायन में प्रथम, 12वीं की राशि कांकरिया ने नृत्य में द्वितीय, 9वीं से प्रियल राजा ने नृत्य में द्वितीय एवं कक्षा 7वीं से जिनिशा साहू ने नृत्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत जिले के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत छुरिया तहसील में अतिवृष्टि से फसल क्षति होने पर 10327 रुपए, राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से मकान गिरने से दुधारू गाय की मृत्यु होने पर 37500 रुपए, डोंगरगांव तहसील में आग से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए व तालाब में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, डोंगरगढ़ तहसील में तालाब में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी के ग्राम भंसुला में बीते दिनों जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, प्रधानमंत्री आवास मेला व जागो वोटर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही अनेक योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

शिविर में 76 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 26 आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। निराकरण पश्चात शेष 52 प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित करते संबंधित विभाग में भेजने की कार्रवाई किया गया है। शिविर में 3 दिव्यांग हितग्राहियों को ट्राइसिकल वितरित किया गया। इसी प्रकार 10 हितग्राहियों को रबी फसल के लिए सरसों बीज कीट प्रदाय किया गया।

स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वच्छताग्राही दीदियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही मितानिन बहनों को ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता जागरूकता के लिए सम्मानित किया गया। शिविर को संबोधित करते जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के उपाध्यक्ष नरोत्तम देहारी ने कहा कि यह शिविर क्षेत्र के लिए एक सौगात है। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ ही अनेक योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को जिला मुख्यालय जाने से होने वाली समस्या से राहत मिलेगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया कि वे शिविर में शिविर के स्टालों में पहुंचकर, अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देकर शिविर का लाभ लें।

## परिवहन सिस्टम फेल, अधिकांश सोसायटियों में धान जाम

# सोसायटियों में रूक-रूककर चल रही धान खरीदी, बफर लिमिट पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

डोंगरगढ़ विकासखंड के मुसरा, बेलगांव, कसारी, ढारा, रामाटोला सहित अन्य धान सोसायटी में धान की खरीदी बफर लिमिट से तीन गुना से भी अधिक होने के कारण समिति प्रबंधकों द्वारा किसानों के धान को रूक-रूककर खरीद रहे हैं। मुसरा सोसायटी के प्रबंधक गणेशराम वर्मा ने बताया कि उनकी लिमिट 12102 की है। जिसमें 30180 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

आज खरीदी चालू थी, किन्तु कल धान की खरीदी बंद रहेगी। इसी प्रकार बेलगाव समिति प्रबंधक घनाराम चंद्रवंशी ने बताया कि 7200 बफर लिमिट है 27595 धान खरीदा जा चुका है। जिसकी देखरेख जैसे-तैसे हो रही है। अब इससे ज्यादा धान को रख पाना मुश्किल है, क्योंकि मौसम के अचानक परिवर्तन से आज धान खरीदी बंद करना पड़ा। कल धान खरीदी चालू रहेगी। प्रबंधकों की प्रमुख समस्या धान का परिवहन है। जिसके कारण धान खरीदी में लेटलतीफी हो रही है। हैरत की बात यह है कि प्रशासन भी धान परिवहन की समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। इस वजह से किसानों को तकलीफ हो रही है। दूसरी तरफ मौसम के अचानक परिवर्तन से धान खरीदी में बाधा उत्पन्न हो रही है और लाखों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे है। जिसकी चिंता भी स्वाभाविक है।



### किसानों का धान गाड़ी में ही जाम, टोकन नंबर आने का इंतजार

इन दिनों मौसम के अचानक परिवर्तन से किसान सबसे ज्यादा चिंतित है, क्योंकि सोसायटी में धान खरीदी की गति धीमी हो गई है। एक तरफ टोकन कट नहीं रहा है और जिसका कट गया है, उसका नंबर लग नहीं रहा है। किसानों का धान घर की या किराये की ट्रैक्टर में जाम है। जिसमें किराये में लाने वाले किसानों को ज्यादा चिंता है, क्योंकि धान खरीदी धीमी होने से उनका धान बेचा नहीं रहा है। जिससे दिन-ब-दिन ट्रेक्टर का किराया बढ़ रहा है व मौसम के परिवर्तन से भय भी बना हुआ है। ऐसे में दोहरा डर किसानों में बैठा हुआ है। वे लगातार प्रशासन के धीमे कामकाज की तरफ टकटकी लगाए देख रहे है। समय रहते प्रशासन ने कठोर निर्णय नहीं लिया तो किसानों का गुस्सा फूट सकता है।

### भाजपा की नीति किसानों के विरुद्ध - त्रिवेणी

जनपद सदस्य एवं सभापति त्रिवेणी राजू वर्मा ने कहा कि धान खरीदी की लीपापोती भाजपा सरकार की कमजोरी का नतीजा है। जिसके कारण अफसरशाही हावी है। किसान विरोधी यह सरकार धान खरीदी के पहले दिन से ही किसानों को परेशान कर रही है। पहले तो 15 दिन लेट खरीदी प्रारंभ की। अब धान का परिवहन में देरी कर रही है तथा किसानों को एकमुश्त पैसा देने का वादा कर उनके साथ धोखा किया। किसान भाई भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को याद करते हैं। जिसमें किसानों की फसल को सही समय पर खरीदकर उनको सही दाम दिया जाता था।

### आईटीआई में प्लेसमेंट व अप्रेंटिसशिप कैम्प 20 को

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 20 दिसंबर को कैरियर-ट्री द्वारा सुजुकी मोटर गुजरात प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्लेसमेंट व अप्रेंटिसशिप कैम्प का आयोजन गया है। कैम्प में सभी शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2018 से 2024 तक उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, आटोमोबाईल, ट्रेक्टर मेकेनिक, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रानिक्स, वायरमैन और शीटमेटल के केवल पुरूष उम्मीदवार जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष हो, वे अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड के मूल प्रमाण-पत्र एवं तीन छायाप्रति सेट तथा पांच पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

### साधारण सभा की बैठक 23 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 23 दिसंबर को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभागीय विभिन्न योजनाओं के प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

## नांदगांव-खैरागढ़ वनमंडल को आबंटित 107 वनरक्षक पदों के लिए हो रही भर्ती

**राजनांदगांव।** युवा अभ्यर्थी उत्साह और ऊर्जा के साथ वनरक्षक बनने शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षण कार्यक्रम मिनी स्टेडियम बजरंगपुर नवागांव में शामिल हो रहे हैं। वन एवं जलवायु विभाग द्वारा वनरक्षक के 1484 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

वनमंडलाधिकारी आयुष जैन ने बताया कि वनमंडल राजनांदगांव एवं खैरागढ़ वनमंडल को आबंटित 107 वनरक्षक पदों के लिए 42 हजार 666 अभ्यर्थियों का शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षण मिनी स्टेडियम बजरंगपुर नवागांव में किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले के लिए 48 वनरक्षक पद और खैरागढ़ जिले के लिए 59 वनरक्षक पदों के लिए भर्ती की जा रही है। राजनांदगांव जिले के 26 हजार और खैरागढ़ जिले के 16 हजार से अधिक अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया गया है। इसमें लगभग 11 हजार महिला अभ्यर्थी शामिल है। अभ्यर्थियों के लिए जारी प्रवेश पत्र में समय एवं तिथि अंकित किया गया है। उसी के अनुसार अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं।

श्री जैन ने बताया कि लिखित परीक्षा के लिए पद के विरूद्ध 15 अनुपात में वरिष्ठता की सूची के आधार पर चयन किया जाएगा। शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षण में कुल 100 अंक एवं लिखित परीक्षा के लिए 100 अंक निर्धारित है। अभ्यर्थियों का शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षण की कार्रवाई 25 नवंबर से लगातार चल रहा है। शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षण 14 दिसम्बर तक चलेगा। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों को महिला वर्ग के लिए 200 मीटर एवं पुरूष वर्ग के लिए 800 मीटर की दौड़, लंबीकूद व गोला फेंक किया जा रहा है।

एसडीओ वन योगेश साहू ने बताया कि वनरक्षक भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा को शांति पूर्ण तरीके से कराने वन विभाग एवं सुरक्षा टीम भी तैनात है। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटराईज्ड तरीके से किया जा रहा है।

## अंतरक्षेत्रीय विद्युत व्हालीबॉल स्पर्धा 11

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के मेजबानी में 11 से 13 दिसंबर तक अंतरक्षेत्रीय विद्युत व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्टेट स्कूल स्थित व्हालीबॉल मैदान में किया जा रहा है।

प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में विद्युत कंपनियों के अधिकारी-कर्मचारियों को क्रीड़ा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, प्रतिबद्धता एवं खेलभावना को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।

विद्युत कंपनी के क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके ने बताया कि राज्य के विद्युत कंपनियों की 10 टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है। राजनांदगांव के स्टेट स्कूल स्थित व्हालीबॉल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा (जांजगीर चांपा), बिलासपुर क्षेत्र, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर क्षेत्र, राजनांदगांव क्षेत्र, दुर्ग क्षेत्र एवं अम्बिकापुर क्षेत्र के टीमों के खिलाड़ी अपने खेल जौहर का प्रदर्शन करेंगे। सभी टीमों को दो ग्रुप में बांटकर लीग पद्धति से मैच खेले जाएंगे। सभी मैचों के लिए निर्णायक की भूमिका में जिला व्हालीबॉल संघ द्वारा नियुक्त रेफरी उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष सेलट के मुख्य आतिथ्य में होगा।

## झूराडबरी में शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव द्वारा बीएड प्रथम सेमेस्टर 2024 के प्रशिक्षणार्थियों ने ग्राम झूराडबरी के प्राथमिक शाला परिसर में सामुदायिक गतिविधि के तहत एक दिवसीय ग्रामीण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में महाविद्यालय के बीएड प्रथम वर्ष के छात्र, शिक्षकों ने कई जागरूकता और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

शिविर के तहत एक रैली निकाली गई। जिसमें ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद शिक्षा का महत्व विषय पर आधारित एक नाटक का मंचन किया गया। साथ ही पारंपरिक छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने प्राथमिक शाला के प्रधानाचार्य का धन्यवाद करते स्मृति चिन्ह भेंट किया।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रशिक्षणार्थियों को सामाजिक अनुभव प्रदान करना था।

## जेसीबी वाली दीदी दमयंती जाएंगी जापान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नाजुक हाथों में मजबूती बेमिसाल, यह अहसास राजनांदगांव के ग्राम खैरझिटी की जेसीबी वाली दीदी दमयंती सोनी को जेसीबी, चेन माऊंटेन जैसे मशीनरी वाहनों को कुशलता एवं आत्मविश्वास से चलाते देखकर होता है। दमयंती सोनी मशीनरी वाहनों को एक्स-पो में शामिल होने जापान जाना चाहती थी, लेकिन आर्थिक दिक्कतों के कारण नहीं जा पा रही थी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर 3 लाख 76 हजार रुपए की राशि का चेक मिलते ही उनके लिए जापान जाने की राह अब आसान हो गई है। उन्होंने इस मदद के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को तहेदिल से धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि अब मैं प्राप्त राशि से आसानी से जापान जा सकूंगी और अपना हुनर वहां प्रदर्शित करूंगी तथा छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करूंगी। जेसीबी वाली दीदी दमयंती सोनी ने बताया कि पति की असामयिक मृत्यु ने उन्हें मजबूत बना दिया और बच्चों के परवरिश की जिम्मेदारी को देखते उन्होंने जेसीबी चलाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि उनके पति स्व. उत्तम कुमार सोनी किराये से जेसीबी चलाते थे, जिसे वे प्रतिदिन देखती थी। उन्होंने धीरे-धीर जेसीबी चलाना सीख लिया। पति की मृत्यु के बाद वे जेसीबी चलाने लगी और यही उनकी आजीविका का साधन बना। उन्होंने बताया कि उनके बेटे अनमोल ने इसी वर्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है। बेटी का विवाह भी हो गया है। 61 वर्षीय दमयंती सोनी ने बताया कि वे एक दिन में 30-35 बार मिट्टी एवं मुरूम हाईवा में भर लेती है। मशीनरी वाहनों को आपरेट करते कुशलता से चला लेती है। वह वर्ष 2012 से जेसीबी चला रही है। अन्य राज्यों में समय-समय पर होने वाले एक्स-पो में शामिल हुई और वहां अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। सामान्यतः यह माना जाता है कि ऐसे मशीनरी वाहन चलाना पुरूषों का कार्य है, लेकिन उन्होंने हिम्मत जुटाई और जज्बे के साथ इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक कर रही है। दमयंती सोनी ने बताया कि रायपुर में आयोजित इवेंट में बैकहो के माध्यम से माला उठाकर प्रतिमा को पहनाने से उनका चयन हुआ। वर्ष 2019 में बंगलौर में आयोजित एक्स-पो में इवेंट करके दिखाने का मौका मिला, जहां 14-15 देशों के लोग आए हुए थे। जापान से आए प्रतिनिधियों ने वहां उनके हुनर को देखकर जापान आने आमंत्रित किया। कोविड-19 के कारण कार्यक्रम नहीं हो पाया था। अभी कार्यक्रम होने वाला है। जिसमें उन्हें आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि वे पहले ग्रेटर नोएडा जाएगी, वहां से वीजा बनेगा, उसके बाद वे अपने बेटे के साथ जापान की राजधानी टोक्यो जाएगी और वहां एक्स-पो में शामिल होकर अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी।

## पृष्ठ 9 का शेष

### रैली निकालकर आईना...

**लाईव रिकॉर्डिंग दिखाया-** अपने प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने शहर में अवैध शराब और सट्टा का लाईव रिकॉर्डिंग वीडियो भी दिखाया। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि यह अवैध कारोबार जब हमें दिखाई दे रहा है तो फिर पुलिस कैसे नहीं देख पा रही है। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव पवन तिवारी सहित कुबेर वैष्णव, नीलेश पांडेय, राहुल साहू, राजा यादव, शिवम गढ़पाले, ऐफ़ू खान, मुकेश निर्मल, आफताब अहमद, आशीष रामटेके, सौम्य शर्मा, कृष्णराज देशलहरे सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## निधन

### डॉ. हरिश ग्रोवर



**राजनांदगांव।** प्रसिद्ध चिकित्सक रिटायर्ड मेजर डॉ. मेजर हरिश ग्रोवर का आकस्मिक निधन 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे हो गया। वे राजनांदगांव शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों में से एक थे। इनके पुत्र जुबीन ग्रोवर जो ऑस्ट्रेलिया में डॉक्टर के पद पर पदस्थ है। कल 10 दिसंबर को उनके आने के बाद दोपहर 3 बजे डॉ. हरिश ग्रोवर की अंतिम यात्रा निज निवास बल्देवबाग से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। डॉ. हरिश ग्रोवर अपने पीछे पुत्री मेघना भाटिया एवं पुत्र डॉ. जुबीन ग्रोवर, राम ग्रोवर, अनिल ग्रोवर, जग्गी ग्रोवर, शिलू ग्रोवर व पत्नी वीना ग्रोवर सहित अपने नाती-पोतो का परिवार छोड़ गए।

### श्रीमती गयादेवी मिश्रा



**राजनांदगांव।** पुरानी सिविल लाईन निवासी 92 वर्षीय श्रीमती गयादेवी धर्मपत्नी स्व. पं. रामरतन मिश्रा (भोड़िया वाले) का 9 दिसंबर को देहावसान हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थी। वह अपने पीछे 5 पुत्र व 3 पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गई। वे उमेश मिश्रा, सुरेश, सर्वेश, राकेश मिश्रा तथा अखिलेश मिश्रा की माता थी। उनका अंतिम संस्कार दोपहर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## कैम्प में दी यातायात नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ग्राम मोंगरा में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा कैंप शासकीय लाल चक्रधर शाह कॉलेज के आयोजन में पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दिया गया।

पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीतांबर पटेल, डीसी पटेल व डीएसपी हेडक्वार्टर मोहला राजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन मे यातायात प्रभारी शेषनारायण देवांगन की टीम द्वारा ग्राम मोंगरा में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा अं. चौकी के शासकीय लाल चक्रधर शाह कालेज कैंप प्रोफेसर ओमप्रकाश राणा एवं छात्र-छात्राएं की उपस्थिति में यातायात नियमों की जानकारी दिया गया।



### दी गई समझाईश

यातायात जनजागरूकता अभियान हमर सुरक्षा, हमर जिम्मेदारी के तहत ग्राम मोंगरा स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण को सुरक्षित वाहन चलाने के नियमों की समझाईश दिया गया। साथ ही दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करने, दोपहिया वाहन में दो से अधिक सवारी न करने, कोई भी वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, नशे की हालात में वाहन नहीं चलाने और चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीटबेल्ट का उपयोग करने तथा अपने कम उम्र के नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने नहीं देने और 16 साल के आयु पूर्ण होने के बाद बिना गियर का लाइसेंस बनवाकर ही वाहन चलाने दिया जाए और कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेंस वाहन न चलाएं, नशे की हालात में वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी गई। लर्निंग एवं परमानेंट लाइसेंस बनाने की जानकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को दिया गया।

## ऑनलाइन परिचर्चा व काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा छुरिया द्वारा 6 दिसंबर को शाम 6 से 8 बजे तक आनलाइन परिचर्चा व काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं के विचार बाद दो दर्जन रचनाकारों ने विभिन्न रसों से ओतप्रोत रचनाएं पढ़ी। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि व साकेत साहित्य परिषद सुरगी के पूर्व अध्यक्ष लखन साहू व अध्यक्षता प्रेरणा साहित्य समिति बालोद के अध्यक्ष जयकांत पटेल ने की। आधार व्यक्तव्य पुरवाही के संयोजक ओमप्रकाश साहू ने दिया।

प्रथम सत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर देश के प्रति किए गए उनके अवदानों को याद करते विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि लखन साहू ने कहा कि बाबा के संविधान को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए तथा टीवी में भी प्रसारित किया जाना चाहिए। जयकांत पटेल ने जीवन-प्रसंगों को याद किया। ओमप्रकाश साहू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में व्याप्त छुआछूत को दूर कर एक भागीरथ प्रयास किए हैं। प्रीतम कोठारी ने समाज भेदभाव को हम सब मिलकर दूर कर सकते हैं। कवयित्री पदमा साहू ने बाबा साहब के समाज सुधार के कार्यों की प्रशंसा की। दूजराम साहू ने संविधान में आरक्षण पर चर्चा की। कोमल सिंह ने बाबा के बौद्ध धर्म के बारे तथा पुरवाही के सचिव हेमलाल सहारे ने दलितों के प्रति भेदभाव के दंश को साझा कर समाज को जागरूक करने की बात की।

दूसरे सत्र में सरस काव्यपाठ में कवियों ने समसामयिक विषयों के अलावा छत्तीसगढ़ महतारी, रक्तदान, पितृ पक्ष, नशा, प्रेम व श्रृंगारपरख गीत, किसानी, बचपन, स्त्री, सामाजिक विषमता, समरसता जैसे विषयों पर काव्य पाठ की। ऑनलाइन कार्यक्रम में लखनलाल साहू, जयकांत पटेल, ओमप्रकाश साहू, ग्वालाप्रसाद यादव, रामकुमार चन्द्रवंशी, कोमल सिंह, प्रीतम कोठारी, शिवप्रसाद लहरे, पदमा साहू, वेदराम पटेल, अमृत साहू, हेमलाल सहारे, नंदकुमार साहू, फकीर प्रसाद साहू, मदन मंडावी, राजेन्द्र साहू, दूजराम साहू, अंजली वाडेकर ने काव्यपाठ किया। काव्य प्रेमी भंवरलाल बंजारे, भेषकुमार साहू, भूपेंद्र साहू प्रभात, रेशलाल नेताम, आशीष साहू, दुर्गेश सिन्हा दुलरवा पटल में जुड़े रहे। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन हेमलाल सहारे ने किया।

खबर संक्षेप



## कंझेटा स्कूल में अग्निवीर मे चयनित कमलेश का किया स्वागत

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में अग्निपथ कार्यक्रम का आयोजन को किया गया। जिसमें प्राचार्य संजय वैष्णव द्वारा मिली जानकारी अनुसार सत्र 2022 में पासआउट छात्र कमलेश साहू पिता शत्रुहन साहू निवासी कुआमालगी भारतीय थल सेना अग्निवीर में चयन व 6 महीने के प्रशिक्षण उपरांत विद्यालय में अग्निपथ कार्यक्रम में भव्य स्वागत एवं प्रेरणाप्रद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमलेश साहू कक्षा बारहवीं के बाद से पुलिस विभाग कवर्धा द्वारा निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण तीन महीने तक प्राप्त किया व गांव में ही सुबह प्रैक्टिस किया, विगत वर्ष अग्निवीर के लिए चयनित हुआ एवं प्रशिक्षण तोपखाना केंद्र हैदराबाद से 6 महीने तक प्राप्त किया। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान AK-47, इंसास, तोप व कई आधुनिक हथियार चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ वहीं श्री साहू पश्चिम बंगाल में बटालियन फील्ड रेजिमेंट में अपनी सेवा देगें। अग्निवीर चयन एवं प्रशिक्षण उपरांत विद्यालय पहुंचने पर शिक्षक परमेश मेरावी, मोहन शर्मा, अर्जुन चंद्रवंशी, हेमेंद्र, शिवानी मैडम ने बधाई एवं गुलदस्ते देकर स्वागत किया। वहीं शाला समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी ने भी बधाई प्रेषित की।

## श्री रामनाम संकितन करते प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभात फेरी

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्रीकला-कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी प्रातः काल प्रभात फेरी निकालकर नगर भ्रमण करते हुए श्री राम व सीताराम नाम का गुणगान करते हुए गांव की मुख्य गली मोहल्ले व चौक चौराहों में भ्रमण करते हुए प्रभात फेरी निकाली जाती है साथ ही साथ निःस्वार्थ जनहित के लिए यह श्रीराम नाम व सीताराम भजन कर प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

# शाला संगवारी नियमितिकरण के लिए कलेक्टर से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

- जिले के समस्त पिछड़ी जनजाति में हर्ष व्याप्त, बड़ी संख्या में थें कार्यकर्ता व ग्रामीण जन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

जिले में विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के 2019-20 से विगत 6 वर्षों से शाला संगवारी के पद पर कार्यरत 70 युवक-युवतियों को बैकलॉग भर्ती के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती करने के लिए लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से 17 नवम्बर को मुलाकात किया गया था जिस पर मुख्यमंत्री ने त्वरित निर्देश देते हुए कलेक्टर कबीरधाम से टेलीफोन पर बात करके जिला प्रशासन द्वारा बैकलॉग भर्ती के संबंध में अविलंब प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया था साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के युवक-युवतियों को कक्षा 12वीं से अधिक शिक्षा रखते हैं उन्हें शाला संगवारी के पद पर नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। इस संबंध में 25 नवम्बर को शाला संगवारी में कार्यरत उपरोक्त युवक-युवती कलेक्टर कबीरधाम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपे थे।



वहीं सोमवार को उपरोक्त संबंध में कलेक्टर को पुनः शाला संगवारी शिक्षकों ने मुलाकात किया 07 नवम्बर को उपरोक्त संबंध में क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय से शाला संगवारी के युवक-युवती भेंटकर चर्चा की, इस संबंध में सांसद ने कलेक्टर कबीरधाम से फोन पर बात कर नियमित करने के संबंध में निर्देश दिया था और शाला संगवारी के युवक-युवतियों को कलेक्टर कबीरधाम से मुलाकात करने का निर्देश दिया था और मुख्यमंत्री के निर्देश पर की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी चाही गई कलेक्टर ने बताया कि 24 नए शाला संगवारी को नियुक्ति आदेश दे दिया गया है। पूर्व में कार्यरत शाला संगवारी के 70 युवक-युवतियों को बैकलॉग भर्ती के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा राज्य शासन को नियमित करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त होते ही शाला संगवारी के 70 युवक-युवतियों को बैकलॉग भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति प्रदान की जाएगी, जिससे जिले के समस्त पिछड़ी जनजाति में हर्ष व्याप्त है।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता सुधीर पाण्डेय और बैगा समाज से अंतूसिंह बैगा, तितरू सिंह बैगा एवं साथ में शाला संगवारी शिक्षक करण सिंह बैगा, गन्नूराम बैगा, अमृतलाल बैगा, रतन सिंह बैगा, मुन्ना सिंह बैगा, राजकुमार बैगा, नितेश कुमार बैगा, जयसिंह बैगा, घुरवाराम, शिवराम, अमित कुमार, बुधराम, कांशीराम, चैनसिंह, बुध सिंह, सुबेसिंह, श्रीमती सरोज, श्रीमती समली बाई, हिरदू सिंह बैगा और सम्मल सिंह बैगा सहित सभी उपस्थित थें।

घेराव: युवा कांग्रेस ने रेंगाखार तहसील कार्यालय का किया घेराव

# बढ़ते अपराध, बेरोजगारी व 12 सूत्रीय मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कोडो को 12 सूत्रीय महत्वपूर्ण मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही रेंगाखार जंगल में 10 सूत्रीय मांग को लेकर तहसील कार्यालय का घेराव किया गया। युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि भाजपा राज में अपराध कई गुना बढ़ गया, कानून व्यवस्था चरमरा गई है। लोगो का विश्वास शासन प्रशासन से उठता जा रहा है, अपराध के मामले में कवर्धा छत्तीसगढ़ की राजधानी और अपराध का गढ़ बन चुका है, कबीरधाम को अब क्राइम धाम के नाम से जाना जाएगा। प्रदेश में चोरी-डकैती, लूट-पाट, हत्या व बलात्कारी खुले आम हो रहा है। कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है। जन मानस में डर का माहौल बन चुका है, इस सरकार में खुले आम जुआ- सट्टा, गांव-गांव में शराब बिकने काम हो रहा है। जिले के पंडरिया कारखाना में भ्रष्टाचार और जरूरत से ज्यादा मजदूर भर्ती की जांच किया जाए, बीजेपी सरकार में कारखाना को एटीएम बना लिया गया है, जितना जरूरत उतना लूटने का काम किया जा रहा है। ये सब काले कारनामे बंद किया जाए।

### किसान, महिला, युवा, छात्र से किया वादा नहीं निभा रही बीजेपी :वाल्मिकी



वाल्मिकी वर्मा ने ज्ञापन सौंपते हुए किसानों, युवाओं, महिला व छात्र की बात रखते हुए उनकी लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी, ये नाकामी सरकार किसानों को एक मुश्त 31 सौ रूपए, टोकन, बारदाना नहीं दे पा रही हैं। किसानों का सीमांकन, बटवारा, रिकार्ड दुरुस्त, जमीन डायवर्सन जैसे अन्य कार्यों में लीपापोती कर रही है। बेरोजगारी भत्ता, 57 हजार शिक्षक भर्ती सहित छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, सिटी बस, आय-जाति- निवास बनाने, स्कूलों में शिक्षकों की कमी, बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, शौचालय, जर्जर भवन को बनाने, पर्यटक स्थलो और गौ-वंशों को विकसित और संरक्षित करने, बदहाल सड़कों को बनाने, जन कार्यों वाले स्थानों में पार्किंग, रेंगाखार ब्लॉक में हुई रपटा निर्माण की जांच और अवैध रूप से रेत खनन पर लगाम की मांग किया। उन्होने कहा कि इस प्रकार कवर्धा व रेंगाखार जंगल की मांगों को पूरा नहीं करने पर युवा कांग्रेस उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चोवा साहू, सत्येंद्र वर्मा, शरद बांगाली, दीपक ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु नेताम, शहर अध्यक्ष हेमंत ठाकुर, संजय ध्रुर्वे, छबि साहू, लेखराम पंचेश्वर, अमरसिंह खुशरे, जितेंद्र लहरें, मनोज चंद्रवंशी, आनंद चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी, देव चंद्रवंशी, गिरधर लहरे, भीष्म जायसवाल, अजय पात्रे, घनश्याम मारकंडे, जलेश बघेल, राजा झारिया, भुनेश्वर सिन्हा, अयोध्या साहू, हेमंत वर्मा, गणेश सहारे, सोमल मेरावी, समारु मेरावी, उनेश्वर ध्रुर्वे, सामन मेरावी, मदन कश्यप, आशाराम, जयदेव, सुरेश ध्रुर्वे, नामेश मेरावी, नारायण मेरावी, उमन ध्रुर्वे, मारूस नेताम, सुखराजी, नारायण ध्रुर्वे, रूपलाल साहू, शालिक राम ध्रुर्वे, ज्ञान सिंह ध्रुर्वे, शिवराज नेताम, शिवा कुंभकार सहित सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



## टीपीएल मैच का भव्य शुभारंभ, शिक्षक दिखा रहे अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

टीपीएल के छठवें संस्करण का शुभारंभ रविवार को किया गया, जिसमें जिले के शिक्षक अपने अंदर की प्रतिभा क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में दिखने को तैयार हैं। इसी कड़ी में शनिवार को दो व रविवार को तीन क्रिकेट मुकाबले आयोजित किए गए। वहीं शनिवार को तीसरे लीग मैच में कुई व रबेली टीम के बीच खेला गया जिसमें रबेली की टीम विजयी रहें तथा शनिवार को दूसरे मैच में कवर्धा-तरेगांव के बीच हुआ जिसमें कवर्धा की टीम शानदार बल्ले-बाजी व गेंदबाजी से तरेगांव की टीम को पराजीत किया। रविवार को जिला शिक्षा अधिकारी वाय डी साहू ने जिले के शिक्षकों के इस प्रयास को सराहा और साथ ही आयोजक टीम को शुभकामनाएं दी। कवर्धा विकासखंड के सहायक विकासखण्ड अधिकारी अनिल केशरवानी ने प्रतिभागी टीमो का हौसला बढ़ाया, रविवार के पहले मैच में सधी हुई गेंदबाजी के चलते मरका बी की टीम ने चारभाटा को रोके रखा लेकिन अंतिम ओवर में 3 छक्के लगने से मैच का स्कोर 90 रन तक जा पहुचा जिसका पीछा मरका नही कर पाई और चारभाटा ने मैच अपने नाम किया। दूसरा मैच रेंगाखार ने बोड़ला की टीम से जीत लिया और तीसरे मैच में गत वर्ष की टीपीएल विजेता टीम उड़िया ने उम्मीद के अनुसार सूरजपुरा की टीम को हरा दिया। इस प्रकार अभी तक टीपीएल के छठवें संस्करण के लीग के 7 मुकाबले हो चुके हैं, अभी भी लीग के 11 मुकाबले शेष है और शिक्षकों को इंतजार है अपने मुकाबले का इस वर्ष लीग में एक टीम को 2 मैच खेलने का अवसर मिल रहा है। जिससे पहले मैच में हारे हुए खिलाड़ी अगले मैच के लिए अपने क्षेत्रों में पसीना बहा रहे है, प्रतियोगिता के आगे के मुकाबले शनिवार और रविवार को पुनः खेले जाएंगे जहां शिक्षक खिलाड़ी के रूप में प्रतिभा दिखाएंगे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 200 मरीजों की जांच व उपचार हुआ

- आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन हुए नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में लाभान्वित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर, शकुन्तला फाऊंडेशन एवं प्रकाश मेडिकल स्टोर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य व परामर्श जांच शिविर का आयोजन रविवार को गुरूद्वारा भवन में किया गया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें शिविर के मुख्य अतिथि डॉ दीपक लॉज रहे।

मिली जानकारी के अनुसार विगत 6 वर्षों से आयोजन समिति निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन कर जरूरत मंद लोगों की सेवा कर रही है। इस पुनीत कार्य में इनकी सहभागिता अनुकरणीय है। इस निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर मे हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव सखूजा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश खरे, पंच ककर्म थेरेपी रोग विशेषज्ञ डॉ नितांशा साहू, गेस्टरो लॉजिस्ट रोग विशेषज्ञ एवं लीवर स्पेशलिस्ट डॉ आकाश गर्ग, चिल्ड्रन का डेंटिस्ट डॉ श्वेता सराफ व डॉ ज्योति लॉज ने मरीजों की जांच व उपचार किया। इस निःशुल्क शिविर में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लाभान्वित हुए।



## हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल राम्हेपुर में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू

**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल राम्हेपुर कला में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवमी में कुल 44 एवं कक्षा दसवीं में कुल 32 अध्ययनरत छात्र छात्राएं है। विद्यालय की कुल दर्ज संख्या 76 है। जिसमें प्रथम दिवस दसवीं सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई जिसमें सभी विद्यार्थी की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। वहीं कक्षा नवमी का पहली परीक्षा हिंदी रहा, इस प्रकार से 71 विद्यार्थियों ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा में सम्मिलित रहें। अर्द्धवार्षिक परीक्षा की पेपर अंतर विद्यालय में जांच होने हेतु जाएगी, इससे छात्र छात्राओं की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ कसावट भी आएगी। इस प्रकार से अर्द्धवार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय प्रमुख एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, सरिता बखला एवं सुनीता कौशिक उपस्थित थें, वहीं अर्द्धवार्षिक परीक्षा को लेकर छात्राओं में भारी उत्साह है।



हरिभूमि पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## छात्र छात्राओं ने नवोदय चयन परीक्षा में लिया हिस्सा

# बाजार चारभाठा में नवोदय चयन का मॉक टेस्ट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बाजार चारभाठा में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए नवोदय चयन परीक्षा का प्रथम मॉक टेस्ट का आयोजन रविवार को प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया। इस आयोजन का प्रारंभ संस्था के शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुदर्शन कुंभकार व प्राचार्य जागेश्वर मण्डावी के द्वारा विद्या के देवी मां सरस्वती की तैलचित्र में विधिविधान से पूजा अर्चनाकर किया गया। जिसमें चारों विकासखण्ड से लगभग 280 छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह मॉक टेस्ट नवोदय चयन परीक्षा से संबंधित सभी बातों को ध्यान में रखते हुए बच्चों की अच्छी तैयारी के लिए लक्ष्य नवोदय के तत्वाधान में इसके फाउंडर मेंबर शिक्षक गुनाराम चंदेल के दिशा निर्देशन में उनके द्वारा निःशुल्क ऑनलाइन चयन परीक्षा की तैयारी हेतु कक्षा संचालित कराई जाती है। इसकी ऑफलाइन मॉक टेस्ट परीक्षा प्रबंधक धनेश कौशिक व गजाधर कौशिक द्वारा आयोजन किया गया। पिछले शिक्षा सत्र 2024-25 में इसी केन्द्र से 27 छात्र छात्राओ का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ था। इस आयोजन में प्रमुख रूप से संस्था के शिक्षक महेन्द्र साहू, हुमचंद अनंत, सत्तू जायसवाल, कैलाश मण्डावी, भगवानी पाटिल के साथ स्थानीय शिक्षक मनोज कौशिक, जगपाल चंदरौल, अनिल बारले, पंचराम साहू, योगेश कौशिक, ओमकार ध्रुर्वे, एनन्द वर्मा, नरेश साहू, सुखीराम रजक सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS | REXTON Hearing aids available
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**हादसा:** राजनांदगांव-कवर्धा मार्ग पर नवागांव के पास बड़ा हादसा

# ओव्हर टेक के चक्कर में भिड़े दो पिकअप वाहन, दो सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले की सड़कों में हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। स्थिति ये है कि प्रायः हर दिन छोटे बड़े सड़क हादसे सामने आ रहे हैं और लोगों की जान भी जा रही है तथा लोग घायल भी हो रहे हैं।

इसी कड़ी में सोमवार की सुबह भी जिले के कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम नवागांव में भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जहां दो पिकअप वाहन ओव्हर टेक के चक्कर में पलट गई। बताया जाता है कि इस सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें कवर्धा पुलिस द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि सोमवार की सुबह करीब 8.00 बजे राजनांदगांव मार्ग स्थित नर्मदा से पिकअप क्रमांक सीजी 10 बीडी 3524 तथा एक अन्य पिकअप वाहन सब्जी भरकर मुंगेली जिले के ग्राम खाम्ही जा रहे थे। इसी दौरान दोनों वाहन ओव्हर टेक के चक्कर में ग्राम नवागांव के पास पुलिया में भिड़ गए और अनियंत्रित होकर एक वाहन पुलिया से नीचे जाकर पलट गया और दूसरा सड़क के दूसरी तरफ पलट गया।

इस भीषण दुर्घटना में दोनो वाहनो में सवार कुल 11 में से 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इसकी सूचना तत्काल कवर्धा कोतवाली को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को अस्पताल पहुंचाया और आरोपी चालकों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।







### वाहनो की रफ्तार पर नहीं लग पा रही है लगाम

माना जा रहा है कि जिले में होने वाले अधिकांश सड़क हादसों की मुख्य वजह रफ्तार है। वाहन चालक अपने वाहनो की रफ्तार पर लगाम नहीं लगा पा रहे हैं जिसके कारण जिले की सड़कों में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। ऐसे में बेहतर यही होगा की पुलिस प्रशासन को इस तरफ सड़कों में फर्राटे भरने वाले तथा अपनी तथा दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए।

# मां-बाप पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी पुत्र गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अपनी ही मां की हत्या करने के प्रयास से उस पर डंडे से प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 7 दिसम्बर को प्रार्थी त्रिलोचन पिता पुजेरी उईके आयु 60 वर्ष निवासी ग्राम गोछिया ने कवर्धा कोतवाली में रपट दर्ज कराई थी कि उसे पुत्र मुकेश पिता त्रिलोचन उईके आयु 38 वर्ष निवासी ग्राम गोछिया ने घर पर खाना न देने की बात को लेकर अपनी मां श्रीमती निर्मला बाई आयु 55 वर्ष पर डंडे से प्राण घातक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

प्रार्थी ने बताया कि जब वह बीच बचाव करने पहुंचे तो उनके पुत्र ने उन पर भी हमला कर दिया। इस हमले में उन्हें तथा उनकी पत्नी के सिर तथा हांथ पैर में चोटे आई है। उन्होने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद उनका पुत्र मौके से फरार हो गया। इस सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। पुलिस के मुताबिक विवेचना के दौरान उन्हें आरोपी के ग्राम भाटकुंडेरा और धरमगढ़ के बीच खेतों में छिपे होने की जानकारी मिली।

जिसके बाद पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक संतोष ठाकुर, प्रधान आरक्षक हरिशंकर सुमन, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र साहू, आरक्षक गीता श्रीवास एवं आरक्षक मिथुन नाथ योगी ने सराहनीय योगदान दिया है।

## 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की समय सारणी घोषित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षक मंडल रायपुर ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2025 की समय सारणी जारी कर दी है। घोषित समय सारणी के मुताबिक हायर सेकेंडरी की मुख्य परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ होकर 28 मार्च तक आयोजित की जाएगी, जबकि हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होकर 24 मार्च तक आयोजित होगी। दोनों परीक्षाएं सुबह की पाली में आयोजित की जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### स. लोहारा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**स.लोहारा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निर्देशानुसार सहसपुर लोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 दिसम्बर 2024 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी जांच की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, मेडिसिन विशेषज्ञ और दंत रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### पंजीयन व ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद ने डीएलएड, बीएड, बीए-बीएड, बीएससी-बीएड पाठ्यक्रम 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण की तारीख घोषित की है। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व चरणों में प्रवेश नहीं लिया है वे निशुल्क तथा जो पहली बार पंजीयन कर रहे होंगे वे निर्धारित राशि के शुल्क 10 दिसम्बर तक अपने विकल्प ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

## निधन

### बुधेलाल साहू



**कवर्धा।** जिले के ग्राम पनेका निवासी एवं भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में गन्ना फील्ड अधिकारी के पद में कार्यरत बुधेलाल साहू पिता सुंदर साहू का सोमवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक श्री साहू बीते रविवार को कारखाना से लौटते वक्त सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। जिसमें उन्हें गंभीर चोटे आई थी और उनका ईलाज चल रहा था। ईलाज के दौरान ही रविवार की सुबह उनका दुखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम पनेका में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, समाज के लोगों तथा परिजनो ने शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री साहू अपने पीछे दो पुत्र व पत्नी व माता पिता सहित भरा पूरा परिवार को छोड़ गए है।

# एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों की बड़ी बैठक आयोजित

## मांगों व समस्याओं को लेकर बनाई रणनीति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की बड़ी बैठक बीते रविवार को गुरुघासीदास प्लाजा रायपुर में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के कबीरधाम जिले सहित कुल 33 जिलों से एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं नेतृत्वकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में संघ ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र 16 से 20 दिसम्बर को देखते हुए अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर एक बड़े आंदोलन की रणनीति बनाने का फैसला किया है।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरी ने बताया की प्रदेश एनएचएम कर्मचारी अपने लंबित मांग नियमितीकरण, घोषित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित ग्रेड पे-स्केल सहित 18 मांगो को लेकर पिछले विधानसभा सत्र के दौरान भारी भारिश में विधानसभा घेरने निकले थे साथ ही विभिन्न मंच के माध्यम से मुख्य मंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को आवेदन देते आ रहे है। विगत दिनों श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया के समक्ष एनएचएम कर्मचारियों को उनके लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि को तत्काल देने की बात कही थी, जो आज पर्यंत तक इन कर्मचारियों को अप्राप्त है, जिससे कर्मियों में भारी आक्रोश हैं।

एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि संघ की मांग वेतन विसंगती, ग्रेड पे-स्केल निर्धारण के लिए बिना समय निर्धारित किए कमेटी तो बनाई जाती हैं लेकिन कमेटी सिर्फ कमेटी बनकर ही रह जाती हैं। आज तक गठित कमेटी द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया है जिससे कर्मियों की समस्याएं यथावत बनी हुई है। संघ के मुताबिक पूर्व सरकार ने संविदा कर्मियों के लिए नियमितीकरण की घोषणा की थी लेकिन नियमितीकरण नहीं होने के कारण इन कर्मचारियों ने 31 दिनों तक रायपुर में बड़ा आंदोलन भी किया गया था जिसमें भाजपा के शीर्ष नेता डॉ. रमन सिंह, अरुण साव, विजय शर्मा, ओपी चौधरी, केदार कश्यप सहित प्रमुख नेता आंदोलन स्थल में पहुंचे हुए थे और भाजपा सरकार बनने पर 100 दिवस के अंदर एनएचएम संविदा कर्मियों की समस्त समस्याओं का निराकरण करने की बात कही थी लेकिन आज भाजपा सरकार को बने एक वर्ष से ज्यादा समय हो गया हैं उनकी समस्या जस की तस बनी हुई हैं।

### हड़ताल से ठप पड़ सकती है व्यवस्था

प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारीयों ने बताया की भाजपा सरकार की इसी उपेक्षापूर्ण रवैये को देखते हुए आज प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर में आयोजित की गई है। जिसमें 33 जिलों के 16000 से ज्यादा कर्मचारी शामिल हुए हैं और अपनी मांगों को लेकर एक बड़े आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं। संघ के मुताबिक एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन में चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। क्यों इन्ही कर्मचारियों के भरोसे शासन की स्वास्थ्य व्यवस्था टिकी हुई है। यही कर्मचारी सरकारी अस्पतालों में पूरी जिम्मेदारी के साथ प्रदेश में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पूरे प्रदेश में एनएचएम कर्मचारियों की संख्या 160000 से ज्यादा है। ओपीडी, आईपीडी, संस्थागत प्रसव, आपातकालीन सेवा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन इत्यादि इन्ही कर्मचारियों के भरोसे संचालित किया जाता है। ऐसे में अगर वास्तव में आने वाले दिनो से कर्मचारी हड़ताल में चले जाते हैं तो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा ठप पड़ सकती है।

# जनपद निधि से कराए गए अनेक विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान




दुल्लापुर (बाजार) में जनपद क्षेत्र विकास निधि एवं 15 वे वित्त की राशि से निर्मित सी सी रोड एवं नाली का रविवार को पंचायत प्रतिनिधियों तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में जनपद सदस्य पारस बंगानी द्वारा भूमिपूजन किया गया।जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भदराली के ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में कीचड़ के कारण उन्हें एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले तक आने जाने में काफी परेशानी होती थी किंतु अब सी सी रोड बन जाने से उनकी समस्या का समाधान हो गया है। इसी तरह ग्राम दुल्लापुर में 15 वे वित्त की राशि से तोषी साहू के घर से लेकर घनश्याम साहू के मकान तक नाली बन जाने से गलियों में गंदे पानी से फैलने वाली गंदगी से भी ग्रामीणों को निजात मिलेगी। इसी तरह ग्राम पंचायत अमरपुर के आश्रित ग्राम मदनपुर में स्वीकृत सार्वजनिक मंच निर्माण का भी भूमिपूजन किया गया। इस जनपद क्षेत्र से सतत् जुड़े रहने वाले तथा यहां से कई बार चुने गए जनपद सदस्य पारस बंगानी ने बताया कि पूर्व में पंडरिया जनपद पंचायत का उपाध्यक्ष रहते हुए भी मैने अपने क्षेत्रवासियों की मूलभूत समस्याओं के समाधान को अपना कर्तव्य समझते हुए अनेक जनहित के कार्य कराए थे। क्षेत्र के विद्यालय भवनों की मरम्मत, स्टाप डेम निर्माण,मंच निर्माण के अलावा गौरकापा के सामुदायिक भवनों का जीर्णोद्धार सहित किसानों को उनकी मुवावजा राशि दिलाने का काम भी मैंने किया था। यही कारण है कि यहां के लोगों का प्यार मुझे हमेशा मिलता रहा है। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू,पूर्व सरपंच कन्हैया यादव,पंडरिया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुरुदत्त शर्मा, जनार्दन मिश्रा, कृष्ण कुमार बटवे, रामचरण, बसंत साहू, अंजोरी, गोविंद यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## टोकन जारी करने के दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य शासन ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था के तहत कबीरधाम जिले के किसानों को टोकन जारी करने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ताकि जिले के किसानो को धान बेंचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इस संबंध में राज्य सहकारी वितरण संघ के प्रबंध संचालक ने पत्र में टोकन आवेदन समिति मॉड्यूल व टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से किए जाने की सुविधा का उल्लेख करते हुए कहा है कि कुल टोकन आवेदन का 40 प्रतिशत समिति मॉड्यूल व 60 प्रतिशत एप के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है।

## आयोजन...




**पिपरिया।** नगर पंचायत पिपरिया में साहित्य संगोष्ठी,पुस्तक चर्चा एवं काव्य पाठ का आयोजन।

कृषि विज्ञान केन्द्र नेवारी में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# क्रेडा की ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के सौजन्य से कृषि विज्ञान केन्द्र, नेवारी में गत दिनो ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर अर्द्धदिवसीय कृषक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी त्रिपाठी ने जल संरक्षण की आवश्यकता और उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। बीएस परिहार (एसएमएस एग्रोनोमी) ने बागवानी फसलों में ऊर्जा दक्ष पंपों और ड्रिप सिंचाई पद्धति के महत्व को रेखांकित किया। जिला प्रभारी, क्रेडा नंद कुमार गायकवाड़ ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कृषि क्षेत्र में ऊर्जा एवं जल संरक्षण के महत्व और 5 स्टार रेटेड पंपों के उपयोग एवं उपलब्ध रिसॉर्स का व्यवस्थित ढंग से उपयोग करने के बारे में बताया। उन्होंने किसानों को उपलब्ध संसाधनों के व्यवस्थित उपयोग के सुझाव दिए। मेसर्स सोलेक्सी सोलर के प्रतिनिधि दिनेश सिन्हा ने 5 स्टार रेटेड पंपों से विद्युत बचत और उनके संचालन व रखरखाव के बारे में जानकारी साझा की। डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार विजेता, शिवकुमार चंद्रवंशी (ग्राम कोको) ने उन्नत कृषि तकनीकों का अनुभव साझा करते हुए किसानों को प्रेरित किया।

उन्होंने उन्नत खेती के क्षेत्र में कृषकों को नई-नई तकनीक से कृषि कार्य का अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा डॉ. बीपी त्रिपाठी उपस्थित थे। इसके साथ सुश्री सुष्मिता कंवर, सहायक संचालक, कृषि, बीएस परिहार एसएमएस एग्रोनोमी, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा, टीएस सोनवानी, एसएमएस, नंद कुमार गायकवाड, जिला प्रभारी क्रेडा शिवकुमार चन्द्रवंशी, ग्राम कोको, कबीरधाम (डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार विजेता) क्रेडा के अधिकारी कर्मचारीगण एवं जिला के विभिन्न ग्रामों के लगभग 70 कृषकगण उपस्थित थे।

# जनवादी लेखक संघ ने राज्य स्तरीय संगोष्ठी में कई पुस्तकों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ की जिला इकाई ने गत 8 दिसम्बर रविवार को कबीरा खड़ा बाजार में प्रगतिशील मंच तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल के सहयोग से एक राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में दुर्ग के दो साहित्यकार बद्रीप्रसाद पारकर तथा कमलेश चंद्राकर की पुस्तकों पर चर्चा हुई। पारकर की पुस्तक धीरे-धीरे उतरे पार पर आलेख पढ़ते हुए कवि समीक्षक अजय चंद्रवंशी ने कहा कि केंवट समाज में जन्में लेखक पारकर ने संघर्ष की गाथा को जिस ढंग से लिखा है, वह प्रशंसनीय है। कमलेश चंद्राकर की बाल कविताओं की चार किताबों पर नरेन्द्र कुमार कुलमित्र ने कहा कि बच्चों के लिए ही नहीं, बच्चों के लिए भी बहुत कुछ सीखने लायक बातें इन किताबों में हैं। ये कविताएं गाई जा सकती हैं। इनमें संगीत की लय है।

समीक्षक सुखदेव सिंह अहिलेश्वर ने आलेख वाचन करते हुए हिन्दी की मजबूत बालगीत परम्परा के इतिहास को रेखांकित किया और कमलेश को इसी परम्परा का वर्तमान दौर का महत्वपूर्ण कवि बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष एवं देश के ख्यात कथाकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने प्रदेश में जिला इकाइयों की सक्रिय भूमिका के संबंध में जानकारी देते हुए सार्थक लेखन पर विस्तार से बात रखी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि नीरज मंजीत ने कहा कि पारकर की आत्मकथा में सरल भाषा और ग्राम्य जीवन का सौंदर्य है। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक दशरथ सोनी सहित स्मिता वर्मा, सात्विक श्रीवास्तव, नीतीश, प्रशांत शर्मा, संजय पराते, सोमप्रकाश वर्मा, संतराम थवाइत, रमेश चौरिया, राजाराम हलवाई, बृजेन्द्र श्रीवास्तव, प्रहलाद पात्रे, अश्विनी कोसरे, नारद चंद्रवंशी, चतुर चंद्रवंशी तथा क्षेत्र के प्रमुख रचनाकार समाज सेवी कलाकार उपस्थित थे।